Fourth Series Vol. XI No.-25

Satuday, December 16, 1967
Agrahayana 25, 1899 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

(Third Session)

(Vol. XI contains Nos. 21-30)

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

Price : Rs. 1.00

# CONTENTS

*No. 25—Saturday, December 16, 1967/Agrahayana 25, 1889 (Saka)*


| | COLUMNS |
|---|---|
| Demands for Supplementary Grants (Haryana), 1967-68 . | 7475 |
| Committee on Absence of Members from the Sittings of House—Third Report . . . . . | 7475 |
| Business of the House . . . . . | 7475-77 |
| Indian Tariff (Amendment) Bill—*Introduced* | 7477-78 |
| Official Languages (Amendment) Bill | 7478-7641 |
| Clauses 2, 3 and 1 . . . | 7478-7572 |
| Motion to Pass, as amended | 7572-7641 |
| Dr. Govind Das . . | 7570-82 |
| Shri S. Xavier . . | 7582-87 |
| Shri Chengalraya Naidu | 7588-90 |
| Shri Bal Raj Madhok . | 7591-97 |
| Shri K. N. Pandey . | 7597-7601 |
| Shri Manoharan . . | 7601-11 |
| Shri Bhola Nath . . | 7611-15 |
| Shri S. M. Banerjee . | 7615-17 |
| Shri B. Shankaranand . | 7618-19 |
| Shri P. Ramamurti . | 7619-25 |
| Shri Kamalnayan Bajaj | 7625-29 |
| Shri Ram Sevak Yadav | 7629-34 |
| Shri Y. B. Chavan | 7635-36 |
| Resolution *Re.* Official Languages | 7641-74 |
| Shri Y. B. Chavan . | 7644-46 |
| Shri Thirumala Rao . | 7647-48 |
| Shri Anbazhagan . | 7648-50 |
| Shri Sarjoo Pandey . | 7651-52 |
| Shri Madhu Limaye . | 7652-53 |
| Shri Atal Bihari Bajpaye | 7653-54 |
| Shri Prakash Vir Shashtri | 7654-55 |
| Release of Member— | |
| (*Shri Ram Gopal Shalwale*) | 7674 |


L100LSS/67—1

## LOK SABHA

*Saturday, December 16, 1967/ Agrahayana 25, 1889 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (HARYANA), 1967-68

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JAGANNATH PAHADIA): Sir, on behalf of Shri Morarji Desai, I beg to present a statement showing Supplementary Demands for Grants in respect of the State of Haryana for 1967-68.

## COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE

THIRD REPORT

SHRI THIRUMALA RAO (Kakinada): Sir, I beg to present the Third Report of the Committee on Absence of Members from the Sittings of the House.

**11.02 hrs.**

## BUSINESS OF THE HOUSE

**संसद् कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह)** : 18 दिसम्बर, 1967 से आरम्भ होने वाले सप्ताह के लिये निम्न सरकारी कार्य लिया जायेगा :—

(1) आज के सरकारी कार्यक्रम की किसी अवशिष्ट मद पर विचार करना ।

(2) निम्न अनुदानों पर चर्चा तथा मतदान —

1967-68 वर्ष के लिए मणीपुर के अनुदानों की अनुपूरक मांगें ।

(3) भारतीय टेरिफ़ (संशोधन) विधेयक, 196 पर विचार तथा पास करना,

## B. O. H.

(4) 1967-68 वर्ष के लिये हरियाणा की अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर विचार तथा मतदान लिया जाना ।

(5) निम्न विधेयकों पर विचार तथा पास करना—

अत्यावश्यक वस्तु (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1967 प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में ।

बिहार और उत्तर प्रदेश (सीमाओं में परिवर्तन) विधेयक, 1967 ।

(6) अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति तथा इस सम्बन्ध में भारत सरकार की नीति पर, प्रधान मंत्री के प्रस्ताव पर विचार करना ।

(7) हरियाणा राज्य विधेयक विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक, 1967 राज्य सभा द्वारा पास किये गए रूप पर विचार तथा पास करना ।

(8) एकाधिकार तथा निर्बन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया विधेयक 1967 को संयुक्त समिति को सौंपने के लिये राज्य सभा की सिफारिश से सहमति के प्रस्ताव पर विचार करना ।

(9) निम्न विधेयकों पर विचार तथा पास करना—

कीटनाशी विधेयक, 1967 राज्य सभा द्वारा पास किये गय रूप में,

औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक, 1967 राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में,

मातृत्व प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 1967 राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में,

विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) संशोधन विधेयक, 1967 ।

[डा० राम सुभग सिंह]

(10) प्रदीप पत्तन न्यास (बोर्ड की बैठकों सम्बन्धी प्रक्रिया) नियम, 1967 में रूपभेद के श्री श्रीनिवास मिश्र के प्रस्ताव पर बुधवार, 20 दिसम्बर, 1967 को सायंकाल 5 बजे चर्चा ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अगले सप्ताह के लिए जो कार्यक्रम रखा है, उस में उन्होंने शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिडयूल्ड ट्राइब्ज सम्बन्धी रिपोर्ट का कोई जिक्र नहीं किया है । वह एक बहुत महत्वपूर्ण रिपोर्ट है, लेकिन उस के बारे में चर्चा का कोई जिक्र नहीं किया गया है । उस पर कम से कम चार पांच घंटे चर्चा होनी चाहिए ।

अनेक प्रान्तों में श्रम सम्बन्धी—श्रमिकों और मालिकों के—जो झगड़े चल रहे हैं, उनके बारे में यहां पर चर्चा होनी चाहिए । चाहे कोयला खान मजदूर हों और चाहे बीडी मजदूर और चाहे कपड़ा उद्योग मजदूर, उन सब की समस्याओं पर चर्चा होना बहुत आवश्यक है ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आज समाचारत्रों में इस प्रकार के समाचार आए हैं कि भारत सरकार बाड़मेर की सीमा के बारे में बहुत चिन्तित हो रही है । इसी प्रकार जम्मू-काश्मीर और आसाम की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है । इस लिए अगर अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति सम्बन्धी चर्चा में सीमा-सुरक्षा की चर्चा को भी सम्मिलित कर लिया जाये, तो सदन को इस महत्वपूर्ण विषय पर भी विचार करने का अवसर मिल जायेगा ।

---

**11.05 hrs.**

## INDIAN TARIFF (AMENDMENT) BILL*

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Indian Tariff Act, 1934.

MR. SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Indian Tariff Act, 1934."

*The motion was adopted.*

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: I introduce the Bill.

---

**11.06 hrs.**

## OFFICIAL LANGUAGES AMENDMENT) BILL—*Contd.*

CLAUSE 2—(*Substitution of new section for section* 3)—Contd.

MR. SPEAKER: The House will now take up further clause by clause consideration of the Bill to amend the Official Languages Act, 1963. We have already spent one hour more than the time allotted for it. But, I am told, there are two more speakers. I would allow them time and request them to be brief.

**श्री शिवचरण लाल** (फ़िरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं अंग्रेजी भाषा का घोर विरोध करने के लिए और हिन्दी भाषा का प्रबल समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । माननीय सदस्य, सेठ अचल सिंह, के बयान पर मुझे आश्चर्य होता है । वह मेरे साथ आगरा से चुन कर आये हैं, जो कि एक हिन्दी-भाषी क्षेत्र अर्थात् उत्तर प्रदेश में है । आगरा में हिन्दी के समर्थन में और अंग्रेजी के खिलाफ सत्याग्रह चल रहा है । माननीय सदस्य वहां की जनता को यह आश्वासन दे कर आए हैं कि मैं आप के आदेशानुसार सदन में आप की सेवा करूंगा । लेकिन यहां पर उन्होंने अंग्रेजी का समर्थन कर के और इस विधेयक के पक्ष में वोट दे कर वहां की जनता की पीठ में छुरा घोंपा है ।

1957 में उत्तर प्रदेश सोशलिस्ट पार्टी की तरफ़ से अंग्रेजी भाषा के खिलाफ़ सत्याग्रह संग्राम में भाग लेने पर मुझे साढ़े सात महीने

*Published in Gazette of India, Extra ordinary, Part II, Section 2, dated 16-12-1967.*

जेल में बन्द रखा गया और पांच सौ रुपये का जुर्माना किया गया। 26 जनवरी, 1965 के बाद अंग्रेजी भाषा का विरोध करने पर सुचेता कृपालानी-गुप्ता सरकार ने मुझे उत्तर प्रदेश विधान सभा से घसीट कर निकाला। लेकिन मैं ने इसको अपना अपमान नहीं समझा।

परेशानी मुसीबत जिन्दगी की निशानी है, न
जिसमें ज्वार-भाटा हो, वह क्या रवानी है।
उछलती सी तरंगों से भी दो दो हाथ लड़
लेना, जरा पतवार को मजबूत हाथों से पकड़
लेना। सफलता ने तुम्हें तूफ़ान से हो कर
बुलाया है, न घबराना मेरे साथी अंग्रेजी
का तूफ़ान आया है।

हम जानते हैं कि यह सरकार अपने बहुमत के बल पर इस बिल को जरूर पास करा सकती है, लेकिन इस सरकार को एक और ज़ोरदार अदालत के सामने पेश होना पड़ेगा और वह अदालत है जनता, जिसने इन मंत्रियों को चुन कर यहां भेजा है। उस अदालत में इस सरकार को मुंह की खानी पड़ेगी। बाहर जनता इन मंत्रियों का इन्तजार कर रही है कि क्या ये लोग इस बिल को पास करके अंग्रेजी में वोट लेने आयेंगे। प्रधान मंत्री ने रायबरेली का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। वहां की जनता कह रही है कि हम से हिन्दी में वोट ले कर प्रधान मंत्री अंग्रेजी-समर्थक बिल को पास करा रही है; इसी प्रकार श्री चह्वाण का 9 तारीख़ का कानपुर का कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया है।

यह बड़े दुख की बात है कि इस बिल के द्वारा हिन्दी-भाषी बच्चों के जीवन और भविष्य पर कुठाराघात किया जा रहा है। हम सब जानते हैं कि गरीब हरिजन, गरीब मेहतर, गरीब मजदूर और गरीब ब्राह्मण अपने बच्चों को अंग्रेजी के माध्यम से कभी भी उच्च-शिक्षा नहीं दे सकते हैं। आज हिन्दी को जितना नुक्सान उत्तर भारत के ऊंचे-ऊंचे लोग पहुंचा रहे हैं, उतना दक्षिणवासी नहीं। यहां की माननीय सदस्या, श्रीमती सुशीला रोहतगी, बड़े घर की है। उनका जन्म कानपुर में हुआ है। वह मेरे साथ पांच बरस तक विधान सभा में रही है। वह वहां पर अंग्रेजी का एक शब्द भी नहीं बोलती थीं, लेकिन लोक सभा में आकर इसको अपनी प्रतिष्ठा समझ कर अंग्रेजी में भाषण करती हैं। श्रीमती सुचेता कृपालानी भी यहां पर हैं, जिनकी सरकार ने मुझे विधान सभा से घसीट कर एक महीने के लिए निकलवाया था।

हमें नफरत नहीं थी अंग्रेज की कौम सूरत से,
हमें जो कुछ नफ़रत थी, उसके अन्दाजे-
हुकूमत से,
आज अपनों की हुकूमत रहमत हो नहीं
सकती,
तो अपनों की भी सूरत से मुहब्बत हो नहीं
सकती।
कहां से खैर हो, दौरे जफा बदले तो क्या
बदले,
वही कल है, वही पुर्जे, वही अंग्रेजी भाषा,
फिजा बदले तो क्या बदले,
वही हिकमत, वही नुस्खा, दवा बदले तो
क्या बदले,
वही मकसद, वही तेवर, अदा बदले तो
क्या बदले।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यहां अंग्रेजी भाषा को जीवित रख कर, अंग्रेजी भाषा को यहां रखकर हम जैसे गरीब आदमी अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे सकते, हमारे बच्चे कभी पास नहीं हो सकते, क्योंकि यहां हमारे बच्चे 12 वर्ष के बाद अंग्रेजी सीखते हैं। आइ० ए० एस० में आकर उन्हीं के बच्चे कलैक्टर बनेंगे, जिनके बच्चे 6 महीने से ही अंग्रेजी सीखनी शुरू कर देते हैं, ए-बी-सी के खिलौनों से खेलना शुरू कर देते हैं—उनके मुकाबले हमारे बच्चे कैसे पास होंगे। मैं इनसे पूछता हूं कि क्या इनके बच्चे शुरू से ही डैडी-ममी कहना शुरू नहीं कर देते?

अध्यक्ष महोदय—

गोरा परदेसी सब लूट ले गया,
जाते जाते भारत में फूट दे गया।

**[श्री शिवचरण लाल]**

अंग्रेज चला गया, लेकिन हमारे देश की भाषा को, हमारे देश की सभ्यता को वह पहले से ही नष्ट करना चाहता था और उसने किया। अंग्रेज तो यहां से भाग गया, मैकाले मर चुका है, लेकिन अंग्रेजों के कुछ अवशेष अभी भी बाकी हैं। मैं आपको स्पष्ट रूप से कह देना चाहता हूं कि ये भारत को नष्ट नहीं कर सकते, और न ही यहां की भाषा को नष्ट कर सकते हैं। हम जहां तक बनेगा कुर्बानी देंगे, हिन्दी को अपने देश की राष्ट्र भाषा बना कर रहेंगे। हमारी हिन्दी भाषा लोक सभा के बाहर हथकड़ियों और बेड़ियों से जकड़ी खड़ी है और अंग्रेजी भाषा उसको संगीनें चुभो रही है, हमारी भाषा कह रही है—हे महात्मा गांधी, तुम्हारे नेतृत्व में मैं जेल से छूटी, लेकिन आपके ये चेले मुझे अन्दर घुसने नहीं देते हैं। विदेशी भाषा मुझे अन्दर घुसने नहीं दे रही है।

इन शब्दों के साथ, अध्यक्ष महोदय, हिन्दी का समर्थन करते हुए, अपना भाषण समाप्त करता हूं।

**श्री कार्तिक उरांव (लोहारडग)** : अध्यक्ष महोदय, वैसे तो मुझको कुड़ख (उरांव) में बोलना चाहिये, लेकिन मैं हिन्दी में बोलना चाहता हूं, जिसे हर कोई समझ सके।

अध्यक्ष महोदय, इस समय सवाल राष्ट्र भाषा का है। हिन्दुस्तान में 1,652 भाषायें बोली जाती हैं, उनमें से कुछ भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा कहाने का हक मिल गया है। हर देश में क्षेत्रीय भाषायें होती हैं, लेकिन उनके बावजूद भी राज्य भाषा अवश्य होती है।

अध्यक्ष महोदय, मैंने कुछ वर्ष विलायत में गुजारे हैं, वहां पर भी अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न भाषायें बोली जाती हैं। स्काटलैंड में जाइये—वहां पर गैलिक भाषा बोली जाती है, जिसको कोई समझ नहीं सकता। कम्बरलैण्ड, लेक डिस्ट्रिक्ट में जाइये— मैंने वहां इतना ही पूछा कि बस स्टाप कहां है तो— निये कम्प्री, निये कम्प्री कहने लगे, जब नहीं समझ सका तो फिर बाद में जाकर "बुस" "बुस" कहने लगे। इसी तरह से इंग्लैण्ड में खास कर लन्दन में एक भाषा बोली जाती है जिसको "कोंकनी" कहते हैं—लेकिन इस के बावजूद भी वहां पर राष्ट्र भाषा अंग्रेजी है। वेल्श में जाइये तो वहां पर वेल्श भाषा बोली जाती है। वहां पर एक स्टेशन का नाम 58 अक्षरों का है — थनबर पुश्किन अस्थरटन इल्यो गो गो गो—यह स्टेशन का नाम है, लेकिन कभी हमने नहीं सुना कि अंग्रेजों ने उसको बदला हो या कोई दूसरा सरल नाम अंग्रेजी में रखा हो।

तो आज जब हम अपनी राजभाषा की बात सोच रहे हैं तब हमको यह सोचना चाहिये कि इस देश में एक राष्ट्र भाषा हो। ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिये कि यदि हम आपस में पत्र व्यवहार करें तो एक दूसरे की भाषा को न समझें। आज हमारे सामने यह प्रश्न पैदा हो गया है। आज हम राष्ट्र भाषा के नाम पर इतनी खुराफात और अराजकता देख रहे हैं कि किसी भी समझदार हिन्दुस्तानी के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज हम देख रहे हैं कि इधर का कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी पर अंग्रेजी में नम्बर प्लेट रखता है तो उसके लिये खतरा है और इसी तरह से अगर दक्षिण में हिन्दी में रखता है तो उसके लिये खतरा है, हिन्दुस्तान में हर प्रदेश के आदमी हर जगह हैं, इस लिये दोनों जगह उनके लिये खतरा है—ऐसा नहीं होना चाहिये। हमारे देश में करेन्सी पर अंग्रेजी छपा है, उसको नहीं हटा सकते, लेकिन गाड़ी के नम्बर प्लेट को हटाना चाहते हैं। तो यह एक बड़ी भारी समस्या हमारे सामने पैदा हो गई है।

राष्ट्र भाषा को सोचने से पहले हमें अपने अतीत को देखना होगा। हमारे देश में राष्ट्र भाषा पहले भी रही है, हिन्दुस्तान की राष्ट्र भाषा हमेशा हिन्दी रही है। इसमें न कोई मजहब का सवाल उठता है और न कोई प्रान्त का सवाल उठता है। हिन्दी को इस देश की राष्ट्र भाषा के पद से कोई बदल नहीं सकता। पिछले जमाने में भी मुसलमानों ने ही हिन्दी को राष्ट्र भाषा पद पर बैठाया—

हैदरअली और अब्दुरहीम ने इस काम को किया। जब-जब हमारे देश में भाषा का आन्दोलन उठा और लोगों को समझाने की कोशिश की गई तो हिन्दी के माध्यम से ही की गई। लेकिन आज हम इसके पीछे पड़े हुए हैं कि राष्ट्र भाषा क्या हो?

अध्यक्ष महोदय, मैं आदिवासियों की तरफ़ से आया हूं। जिनकी आबादी देश में तीन करोड़ है, जिनकी भाषा के विषय में किसी ने नहीं सोचा लेकिन जो तमिल बोलने वाले हैं, जिनकी आबादी देश में सिर्फ तीन करोड़ है, उस पर यहां हंगामा हो रहा है। इस लिये मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें इस पर ठण्डे दिल से गौर करना चाहिये। आज हमको कहा जा रहा है कि हम तीन भाषायें पढ़ें—जिस प्रदेश की जो रिजनल भाषा है, उसको पढ़ें, हिन्दी को पढ़ें और फिर दक्षिण की भी भाषा पढ़ें लेकिन हमारे बिहार में ओराओं मुंडा के लोग हैं, उनकी अपनी भी भाषा है, तो आप उसको भी मान लीजिए।

मैं आपको बताता हूं कि हमारे एच० इ० सी० में बहुत से तमिल लोग भी आये हैं, मद्रास से आये हैं, हमने उनको देखा है कि जब वह हिन्दी की परीक्षाओं को देते हैं तो वे टाप का स्थान पाते हैं, बंगाल, बिहार के, बाहर के अहिन्दी भाषा-भाषी लोगों के मुकाबले वे हिन्दी में टाप करते हैं, इस लिये यह कहना कि हिन्दी मुश्किल है सीख नहीं सकते हैं, गलत है, ज़रूरत पड़ने पर सब सीख सकते हैं।

मैं यह साफ़ तौर पर कह देना चाहता हूं कि हमारे अन्दर एक बहुत ज़बरदस्त दुश्मन घुसा हुआ है और वह दुश्मन है प्रान्त-प्रान्त का झगड़ा, जाति-पांति का झगड़ा, यह दीवार जब तक हम नहीं तोड़ेंगे, तब तक हिन्दुस्तान आगे नहीं बढ़ सकता। इस को आप लिख कर रख सकते हैं। लेकिन एक बात मैं अवश्य कहना चाहता हूं कि यहां पर हिन्दी भाषा जो भी हो, वह इस तरह की हो, जो कि समझी जा सके, उसमें किसी को एतराज नहीं होगा, आज हिन्दी का जो अनुवाद होता है, उससे लोग घबराते हैं। जैसे स्टेशन के लिये अनुवाद किया गया है कि अग्निरथ गमनागमन विश्राम स्थल, पोस्ट मास्टर जनरल के लिये डाक गुरू घंटाल—ऐसे अनुवाद नहीं होने चाहियें। भाषा सरल होनी चाहिये, जिस को सब लोग समझ सकें।

अन्त में मैं गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं—उन्होंने जो सुझाव दिये हैं, वे उचित हैं, उनको हमें हिन्दुस्तान के हृदय से देखना होगा और ग्रहण करना होगा।

मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि यहां पर जो दक्षिण के डाइरैक्टर आफ़ सोशल वैलफेयर हैं उनके सामने हिन्दी भाषा बोलने वाले क्या बोलें? मेरे कहने का मतलब यह है कि हिन्दी अगर ऐसी भाषा हो जिसको हर आदमी समझ सके तो इसमें किसी को ऐतराज नहीं होगा।

चूंकि अब समय नहीं है इसलिये अन्त में मैं केवल यही निवेदन करूंगा कि गृह मंत्री जी ने हमारे सामने राजभाषा संशोधन विधेयक के रूप में जो सुझाव पेश किये हैं उनको ठीक तरह से समझने के लिए एक हिन्दुस्तानी का दिल रखना होगा और हर एक को हिन्दुस्तानी बनना होगा। जहां देश की आल इंडिया लैविल पर एक राजभाषा हो वहां हमें यह भी देखना होगा कि देश की एकता कायम रहे और उसे किसी भी तरह की आंच न आने पावे। मैं गृह मंत्री जी को ऐसा प्रस्ताव लाने के लिए बधाई देता हूं और उसका समर्थन करता हूं।

SHRI V. KRISHNAMOORTHI (Cuddalore): In moving Amendments 82 to 86, 88 and 89, I would like to point out that this Bill does not satisfy the non-Hindi-speaking people and it does not carry Pandit Jawaharlal Nehru's assurances, for which it is allegedly brought before this House by the Home Minister, to the full

[Shri V. Krishnamoorthi]

extent. It is not even an improvement over the 1963 Bill.

In moving my amendment No. 82, I would like to say that Pandit Jawarlal Nehru's assurances have not been fully implemented. You will remember that in 1965 there had been so many firings in Madras and hundreds of people were killed and thousands were imprisoned; we were all inside the jail for allegedly burning a part of the Constitution which deals with the Official Languages Bill. At that time the late Shri Lal Bahadur Shastri as well as the present Prime Minister assured that they would amend the Constitution, they assured that they would implement Pandit Jawaharlal Nehru's assurances. After the recent General Elections when our Chief Minister met the Prime Minister, she said that she was unable to implement Pandit Nehru's assurances to the full extent by way of bringing a Constitutional amendment because the political complexion after the General Elections had completely changed. She was unable to implement on Pandit Nehru's assurances by way of Constitutional amendment, but I am surprised why this word 'may' has not been converted into 'shall' in Clause 2. In the 1963 Bill it was said that English 'may' continue along with Hindi for all the official purposes of the Union for which it was being used and also for the transaction of business in Parliament. In the present Bill also, the same thing continues; 'may' continues for the transaction of business in Parliament and 'may' continues for all the official purposes of the Union for which it was being used. Our learned Law Minister, who is Ivor Jennings of India, while clarifying why the word 'may' cannot be replaced by 'shall', said that it would be an absurdity because in the proviso there are so many 'shall's and that if we put 'shall' here also, it would be meaningless. He is a lawyer and he is always very much interested in confusing this house. We are not at all interested in the proviso. If 'shall' is put instead of 'may', there is no necessity for any proviso. We are not interested in provisos; we are only interested that English 'shall' continue to be used along with Hindi.

I can understand my hon. Jan Sangh friends; I can understand my hon. SSP friends. They all agree with us. They do not want any imposition of Hindi over the non-Hindi region and they do not like imposition of English over them. They are coming to a compromise. Let there be two official languages, two link languages—English and Hindi—for ever. There need not be any imposition of Hindi over us or English over them. I, therefore, accuse this Government, I accuse this Cabinet, that they are not at all implementing Pandit Nehru's assurances in full.

I am speaking in English; I am compelled to speak in English because I do not know Hindi. That need not be taken to mean that I am a strong supporter of English or English people or slavery or anything like that. We are not at all for that. I am speaking in English because my mother-tongue is not recognised here. There is no facility here for the other hon. members to hear me if I speak in my mother-tongue. If you make arrangements for that, we will be speaking only in Tamil and not in English.

Another thing I want to make very clear. This Government has not properly implemented the assurances given. To-day the Bill can be passed. It is only a Bill, tomorrow it can be undone. But if a constitutional amendment is made, it cannot be easily undone by Parliament immediately because ratification by States is necessary. So, I charge the Prime Minister and the Home Minister and the Government here that they are not at all correctly following the assurances given in implementing the Nehru's assurances. They have not added the word 'shall' instead of 'may' in the clause. With a few words more I will close.

We want only constitutional amendment. We are not satisfied with this Bill at all and we want only constitutional amendment.

MR. SPEAKER : But as a temporary measure it is put here.

SHRI V. KRISHNAMOORTHI : Sir, you have seen that an earthquake has taken place in Maharashtra. I do not want another political earthquake take place here. We are not at all interested. I am only appealing to the Congress Members and my friends here, to kindly bear with us. Kindly rather allow us some time till we switch on. The only provision we want is that English shall continue to be used along with Hindi for all official purposes for which it was being used before the commencement of the Constitution and also for the transaction of business in Parliament till the non-Hindi-speaking States require it. Only if that is incorporated in the Bill, it will satisfy Nehru's assurances. Nothing short of this, nothing short of such a Bill will satisfy us. So, I am appealing again to them. Kindly rethink. I know you are going to amend the Constitution, a time is going to come again when you are going to amend the Constitution even without consulting the DMK, even without consulting the non-Hindi-speaking States, when the students, the masses, the public, the literates and the people in the non-Hindi areas are going to rise against the Government of India for not implementing Nehru's assurances in the form of a constitutional amendment or at least in the form of Official Language Bill.

With these words I conclude and I thank you for giving me an opportunity to speak.

**श्री वेणी शंकर शर्मा** (बांका) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संशोधन नम्बर 16, 22, 24, 30, 34, 37, 46, 53, 72 और 79 को सदन के सामने पेश करते हुए केवल दो शब्द कहना चाहता हूं ।

माननीय गृह मंत्री श्री चव्हाण ने अपने मध्यान्तर भाषण में दो दिन पहले जो कुछ बातें कही थीं उनसे बड़ी सान्तवना मिली थी । बड़ी राहत व संतोष मिला था कि वह हिन्दी के पक्ष में बोल तो रहे हैं और अब वह हिन्दी के पक्ष में कुछ काम भी करेंगे । लेकिन जब हम आगे की कार्रवाई को देखते हैं तो वही ढाक के तीन पात पाते हैं । मुझे इस अवसर पर एक शायर का एक मशहूर कलाम गत महायुद्ध के जमाने का याद आ रहा है जिसमें उसने कहा था :

"कदम जर्मन के बढ़ते हैं फतह अंग्रेजों की होती है ।"

माननीय गृह मंत्री राग तो हिन्दी का अलापते हैं लेकिन आखिर में अंग्रेजी को ही हमारे ऊपर लादने की इस बिल के द्वारा चेष्टा कर रहे हैं ।

अध्यक्ष महोदय, इस विधेयक के सम्बन्ध में बहुत सी दलीलें दी गई हैं और अजीब-अजीब दलीलें दी जा रही हैं । यह कहा जा रहा है कि हिन्दी उत्तर भारत की मातृभाषा है इसलिए उत्तर भारत वालों को हिन्दी माध्यम के होने से बहुत सुविधा प्राप्त हो जायेगी लेकिन आप में से सदन का हर एक सदस्य इस बात को जानता है कि हिन्दी जिसकी कि हम यहां वकालत करते हैं जिसे हम यहां बोलते हैं वह किसी प्रान्त की, किसी स्थान की मातृभाषा नहीं है । राजस्थान हिन्दी-भाषी प्रान्त कहलाता है, बिहार हिन्दी-भाषी प्रान्त कहलाता है लेकिन आपने देखा है कि राजस्थान की भाषा के लिए महाराजा कर्णी सिंह जी ने आपके सामने एक अलग बिल पेश किया है कि राजस्थान की भाषा राजस्थानी होनी चाहिये । इसी तरह मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि बिहार में कहीं भोजपुरी चल रही है, तो कहीं मैथिली और कहीं फिर भागलपुरी है । यह भाषाएं अलग-अलग हैं । इन मातृभाषाओं वाले विद्यार्थियों को सदन में बोली जाने वाली हिन्दी को सीखने के लिए उतना ही समय चाहिए जितना कि किसी अन्य भाषा-भाषी विद्यार्थी को । मैं समझता हूं कि हमारे तामिल वाले और तेलुगू मातृभाषी विद्यार्थियों को इस हिन्दी को सीखने के लिए उतना ही समय चाहिए जितना कि उन विद्यार्थियों को । यहां पर मैं यह भी बतला दूं कि बंगाल के हिन्दी पढ़ने वाले बालक जितनी शुद्ध हिन्दी बोल सकते हैं उतनी हमारे बिहार और राजस्थान के बालक नहीं . . .

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो गया है ।

**श्री बेणी शंकर शर्मा** : मैं केवल एक बात और कहूंगा जहां तक अंग्रेजी के द्वारा एकता लाने का सम्बन्ध है वह कुछ ऐसी दलील है जो समझ में नहीं आती । अध्यक्ष महोदय, अंग्रेजी के द्वारा भारत वर्ष में एकता नहीं आई थी । यह एक बड़ी विडम्बना है, आत्म प्रवंचना है । यह भारत वर्ष में जिस एकता की हम चर्चा कर रहे हैं वह अंग्रेजों के डंडे से आई थी तो क्या यह मेरे मित्र कहना चाहते हैं कि भारतवर्ष में एकता स्थापित करने के लिए फिर हम अंग्रेजों का अंग्रेजी से यहां पर आवाहन व स्वागत करना चाहते हैं ? मैं तो केवल एक ही बात कहूंगा कि न हम पर अंग्रेजी थोपी जाये और न हम तामिल भाइयों पर हिन्दी थोपना चाहते हैं ।

मैं श्रीमती सुचेता कृपलानी के संशोधनों का समर्थन करते हुए गृह मंत्री से यह निवेदन करना चाहता हूं कि वह उन संशोधनों को स्वीकार करें । हमारे देश में न अंग्रेजी का साम्राज्य हो और न हिन्दी का साम्राज्य हो । हम चाहते हैं कि हमारी सब क्षेत्रीय भाषाओं का उन के अपने-अपने क्षेत्रों में साम्राज्य हो, उनका बोल-बाला हो । हम चाहते हैं कि नौकरियों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा ली जाये । हमारे कैंडीडेट्स के लिए न हिन्दी कम्पलसरी हो और न अंग्रेजी, बल्कि उनकी योग्यता क्षेत्रीय भाषाओं से मापी जाये । भारतवर्ष की सम्पर्क भाषा गंगा गोदावरी की धारा की तरह स्वयं ही बन जायेगी । उसके लिए हमें सिर खपाने की आवश्यकता नहीं है ।

मैं नहीं जानता कि गृह मंत्री जिस तुष्टीकरण की नीति को अपना रहे हैं, वह हमारे देश को कहां ले जायेगी । जैसा कि माननीय श्री कृष्णमूर्त्ति ने कहा है, कि इस विधेयक से न वे संतुष्ट हैं और न हम । अगर कांग्रेस समझती है कि वह इस भाषा विधेयक के जरिये तामिलनाड में अपना शासन फिर से स्थापित कर सकेगी, तो यह उसकी भी भूल होगी । अगर वह इस विधेयक पर जोर देगी, तो वह उत्तर भारत को भी अपने हाथ से खो बैठेगी ।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** (श्रीनगर) : जनाबे वाला, जो तरमीम इस हाउस में जेरे बहस है, मैं उसकी हिमायत के लिये खड़ा हुआ हूं । मैं समझता हूं कि इस जरिये एक रास्ता और एक काम्प्रोमाइस ऐसा निकाला गया है, जिससे मुल्क की यकजहती और यगानगत को कायम रखा जाये । इस पार्लियामेंट में या इससे बाहर भी कोई शख्स यह नहीं कहता है कि अंग्रेजी इस मुल्क की कौमी जुबान है । सबकी राय है कि वह बाहर से आई है । हिन्दी हिन्दुस्तान की कौमी जुबान है, इस पर भी किसी को एतराज नहीं है । लेकिन बदकिस्मती से कुछ बातें ऐसी उठीं, जिससे ग़लतफ़हमी पैदा हुई । हर शख्स यह कहता है कि हिन्दी कौमी जुबान है । हमारे आईन में यह दर्ज है और आईन के हम कायल हैं । लेकिन आईन में हमने चौदह और जुबानों को भी कुबूल किया है । सवाल यह है कि मुल्क की यगानगत, यकजहती और इन्टैग्रिटी को कैसे कायम रखा जाये ।

जुबान की वजह से अगर मुल्क बिखरता है, उसके दो हिस्से हो जाते हैं, तो मुल्क के लिए इससे बढ़ कर कोई बदकिस्मती नहीं हो सकती है । पंडित जी और श्री लाल बहादुर शास्त्री ने जो एशोरेंसिज दिये थे, उनको और मुल्क के मौजूदा हालात को मद्दे-नज़र रख कर यह बिल ऐवान के सामने लाया गया है । मैं चाहता हूं कि जब होम मिनिस्टर साहब इस बहस का जवाब दें, तो वह यह कैटागारिकल एशोरेंस दें कि हिन्दी इस मुल्क की कौमी जुबान है और अंग्रेजी उस वक्त तक जारी रहेगी, जब तक कि नान-हिन्दी एरियाज उस दरजे तक न पहुंच जायें, जहां हिन्दी एरियाज पहुंचे हुए हैं, चाहे इसमें दस, बीस या तीस बरस लग जायें, इसमें फिर कोई हेर-फेर नहीं किया जायेगा और इस वक्त जो शको-शुबहा है, उस को दूर किया जायेगा ।

यह कहा जाता है कि हिन्दी आफ़िशयल लैंग्वेज है, यूनियन लैंग्वेज है, लेकिन गवर्नमैंट की पालिसीज़ की वजह से इस जुबान को आम करने के बजाये उसको और ज्यादा तंग किया जा रहा है । आप आल-इंडिया रेडिओ को ले लीजिए । आल-इंडिया रेडियो से हिन्दी की जो नशरियात होती हैं, जो हिन्दी बोली जाती है, कम से कम मैं तो उसको पचास फ़ीसदी से ज्यादा नहीं समझता हूं । मैं समझता हूं कि यह हिन्दी की ख़िदमत नहीं है । अगर यह हुकूमत हिन्दी की ख़िदमत करना चाहती है, तो वह सबसे पहले रेडिओ की इस जुबान को आसान कर दे ताकि वह आम-फ़हम हो और हिन्दुस्तान के हर एक हिस्से में उसको समझा जा सके ।

उसके साथ ही इस मुल्क की दूसरी चौदह जुबानों को भी डेवेलप किया जाये, जैसा कि इस रेज़ोल्यूशन में कहा गया है । जुबान और इल्म के मसले में हमें कोई लिमिट या बाउंडरी नहीं रखनी चाहिए । हमें इस मामले में बिबरल होना चाहिए । हर उस जुबान को, जिसको कांस्टीट्यूशन ने माना है, हिन्दी के साथ-साथ डेवेलप किया जाये, ताकि इस वक्त मुल्क में जुबान का जो झगड़ा चल रहा है, वह दूर हो जाये ।

ऐसा इन्तज़ाम किया जाना चाहिए कि हिन्दी की किताबें सस्ती कीमत पर मुहैया की जा सकें । आज बाइबल दस रुपये कास्ट करती है, लेकिन वह बाज़ार में आठ आने में मिलती है, जब कि हिन्दी की कोई किताब अगर चार आने कास्ट करती है, तो वह एक रुपये में मिलेगी । अगर हम हिन्दी को डेवेलप करना चाहते हैं, तो उसके लिए यह ज़रूरी है कि उस के लिटरेचर को सस्ता और आम कर दिया जाये । इसी तरह हिन्दी की असली ख़िदमत हो सकती है ।

मेरे कानों में यह आवाज़ पड़ी है कि हिन्दी मैजारिटी की लैंग्वेज है । किस मैजारिटी की लैंग्वेज है ? यहां माइनारिटी कौन है ? हिन्दी इस मुल्क की भाषा है । इस मैजारिटी और माइनारिटी का सवाल नहीं है । बद-किस्मती से इस बात ने आज तक हमको ख़राब किया है और अगर हमने एहतियात न बरती, तो आईन्दा भी वह ख़राब करेगी । बहुत ज़ोर से कहा गया है कि मैजारिटी पायंट आफ़ व्यू को एक्सैप्ट करना पड़ेगा । मैं यह जानना चाहता हूं कि कौन है मैजारिटी और कौन है माइनारिटी अगर यह मुल्क की जुबान है, तो हमें सारे मुल्क की टर्म्ज़ में सोचना होगा । नान-हिन्दी एरियाज़ की जो दिक्कतें हैं, हमें उन का भी ख़याल रखना होगा ।

मैं भी ऐसे एरिया से आता हूं, जहां हमने उर्दू को आफ़िशल लैंग्वेज बनाया है । इस लिए हम को तमाम जुबानों को डेवेलप करने की कोशिश करनी चाहिए । कोई भी यह नहीं कह सकता है कि अंग्रेजी हमारी कौमी जुबान है । वह बाहर से आई है । लेकिन वक्त का तकाजा है, इस वक्त जरूरत है कि उसको उस वक्त तक बराबर चलने दिया जाये, जब तक कि मद्रास, केरल और साउथ वाले, बंगाल वाले कहें । तब तक इस बारे में कोई जोर नहीं होना चाहिए ।

आखरी सजेशन मैं यह देना चाहता हूं कि यहां पर तो आफिशल लैंग्वेज की बात है, लेकिन जो इनका हिन्दी बुलेटिन जाता है, उसको खुद इन्होंने दूसरा दर्जा दिया हुआ है । आप बताइये पहला दर्जा आप किसको देते हैं । आपको सोचना चाहिये कि जब हमारी एक कौमी जुबान है, तो उसके सिलसिले में हमें वही कदम उठाना चाहिये जिससे कि हम दुनिया में भी उस चीज को साबित कर सकें । मैं आपकी ईगरनेस पर या आपकी ईमानदारी पर डाउट नहीं करता हूं, लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि आप अपनी ईगरनेस को जाहिर करने के लिये, अपनी कीननेस को जाहिर करने के लिये उसी के मुताबिक कदम भी उठायें ।

अब जहां तक बाकी जुबानों का ताल्लुक है, सब को बराबर का दर्जा दिया जाय—चाहे उर्दू हो, तमिल हो, गुजराती हो, कश्मीरी हो—यह सब मुल्क की जुबानें हैं । इन चन्द अलफाज के साथ मैं, जनाब, इस बिल की पुरजोर हिमायत करता हूं ।

صاحب اس بحث کا جواب دیں - تو وہ یہ کیٹیگاریکل ایشورینس دیں کہ ہندی اس ملک کی قومی زبان ہے اور انگریزی اس وقت تک جاری رہیگی - جب تک کہ نان ہندی ایریاز اس درجے تک نہ پہنچ جائیں - جہاں ہندی ایریاز پہنچے ہوئے ہیں - چاہے اس میں دس - بیس یا تیس برس لگ جائیں - اس میں پھر کوئی ہیر پھیر نہیں کیا جائیگا اور اس وقت جو شک و شبہہ ہے - اس کو دور کیا جائیگا -

یہ کہا جاتا ہے کہ ہندی آفیشل لینگویج ہے - یونین لینگویج ہے - لیکن گورنمنٹ کی پالیسیز کی وجہ ہے اس زبان کو عام کرنے کے بجائے اس کو اور زیادہ تنگ کیا جا رہا ہے - آپ آل انڈیا ریڈیو کو لے لیجئے - آل انڈیا ریڈیو سے ہندی کی جو نشریات ہوتی ہیں - جو ہندی بولی جاتی ہے - کم سے کم میں تو اس کو پچاس فیصدی سے زیادہ نہیں سمجھتا ہوں - میں سمجھتا ہوں کہ یہ ہندی کی خدمت نہیں ہے - اگر حکومت ہندی کی خدمت کرنا چاہتی ہے - تو وہ سب سے پہلے ریڈیو کی اس زبان کو آسان کر دے - تاکہ وہ عام فہم ہو اور ہندوستان کے ہر ایک حصے میں اس کو سمجھا جا سکے -

اس کے ساتھ ہی اس ملک کی دوسری چودہ زبانوں کو بھی ڈیویلپ کیا جائے - جیسا کہ اس ریزولیوشن میں

[شری غلام محمد بخشی (شری نگر) - جناب والا - جو ترمیم اس ہاؤس میں زیر غور ہے میں اس کی حمایت کے لئے کھڑا ہوا ہوں - میں سمجھتا ہوں کہ اس کے ذریعہ ایک راستہ اور ایک کامپرومائس ایسا نکالا گیا ہے جس سے ملک کی یکجہتی اور یگانگت کو قائم رکھا جائے - اس پارلیمنٹ میں یا اس سے باہر بھی کوئی شخص یہ نہیں کہتا ہے کہ انگریزی اس ملک کی قومی زبان ہے - سب کی رائے ہے کہ وہ باہر سے آئی ہے - ہندی ہندوستان کی قومی زبان ہے - اس پر بھی کسی کو اعتراض نہیں ہے - لیکن بدقسمتی سے کچھ باتیں ایسی اٹھیں - جس سے غلط فہمی پیدا ہوئی - ہر شخص یہ کہتا ہے کہ ہندی قومی زبان ہے- ہمارے آئین میں یہ درج ہے اور آئین کے ہم قائل ہیں - لیکن آئین میں ہم نے چودہ اور زبانوں کو بھی قبول کیا ہے - سوال یہ ہے کہ ملک کی یگانگت - یکجہتی اور انٹیگریٹی کو کیسے قائم رکھا جائے -

زبان کی وجہ سے اگر ملک بکھرتا ہے ، اس کے دو حصے ہو جاتے ہیں ، تو ملک کے لئے اس سے بڑھ کر کوئی بدقسمتی نہیں ہو سکتی ہے - پنڈت جی اور شری لال بہادر شاستری نے جو ایشورینسز دئے تھے ، ان کو اور ملک کے موجودہ حالات کو مدنظر رکھ کر یہ بل ایوان کے سامنے لایا گیا ہے - میں چاہتا ہوں کہ جب ہوم منسٹر

میجارٹی او کون ہے مائناریٹی - اگر یہ ملک کی زبان ہے تو ہمیں سارے ملک کی ٹرمز میں سوچنا ہوگا - نان ہندی ایریاز کی جو دقتیں ہیں - ہمیں ان کا بھی خیال رکھنا ہوگا -

میں بھی ایسے ایریا سے آتا ہوں - جہاں ہم نے اردو کو آفیشل لینگویج بنایا ہے - اس لئے ہم کو تمام زبانوں کو ڈیویلپ کرنے کی کوشش کرنی چاہئے - کوئی بھی یہ نہیں کہہ سکتا ہے کہ انگریزی ہماری قومی زبان ہے - وہ باہر سے آئی ہے - لیکن وقت کا تقاضہ ہے - اس وقت ضرورت ہے کہ اس کو اس وقت تک برابر چلنے دیا جائے - جب تک کہ مدراس - کیرل اور ساؤتھ والے - بنگال والے کہیں - تب تک اس بارے میں کوئی زور نہیں ہونا چاہئے -

آخری سجیشچن میں یہ دینا چاہتا ہوں کہ یہاں پر تو آفیشیل لینگویج کی بات ہے لیکن ان کا جو ہندی بلیٹن جاتا ہے اس کو خود انہوں نے دوسرا درجہ دیا ہوا ہے - آپ خود بتائیے پہلا درجہ آپ کس کو دیتے ہیں - آپکو سوچنا چاہئے کہ جب ہماری ایک قومی زبان ہے تو اس کے سلسلے میں ہمیں وہی قدم اٹھانا چاہیئے جس سے کہ ہم دنیا میں بھی اس چیز کو ثابت کر سکیں - میں آپ کی ایگرنیس پر یا آپ کی ایمانداری پر ڈاؤٹ نہیں کرتا لیکن میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ آپ اپنی ایگرنیس کہا گیا ہے - زبان اور علم کے مسئلے میں ہمیں کوئی لیمٹ یا باؤنڈری نہیں رکھنی چاہئے - ہمیں اس معاملے میں لبرل ہونا چاہئے - ہر اس زبان کو - جس کو کانسٹیٹیوشن نے مانا ہے - ہندی کے ساتھ ساتھ ڈیویلپ کیا جائے - تاکہ اس وقت ملک میں زبان کا جو جھگڑا چل رہا ہے - وہ دور ہو جائے -

ایسا انتظام کیا جانا چاہئے کہ ہندی کی کتابیں سستی قیمت پر مہیا کی جا سکیں - آج بائبل دس روپیے کاسٹ کرتی ہے - لیکن وہ بازار میں آٹھ آنے میں ملتی ہے - جبکہ ہندی کی کوئی کتاب اگر چار آنے کاسٹ کرتی ہے - تو وہ ایک روپیہ میں ملیگی - اگر ہم ہندی کو ڈیویلپ کرنا چاہتے ہیں - تو اس کے لئے یہ ضروری ہے کہ اسکے لٹریچر کو سستا اور عام کر دیا جائے - اسی طرح ہندی کی اصلی خدمت ہو سکتی ہے -

میرے کانوں میں یہ آواز پڑی ہے کہ ہندی میجارٹی کی لینگویج ہے - کس میجارٹی کی لینگویج ہے - یہاں مائناریٹی کون ہے - ہندی اس ملک کی بھاشا ہے - اس میں میجارٹی اور مائناریٹی کا سوال نہیں ہے - بدقسمتی سے اس بات نے آج تک ہم کو خراب کیا ہے اور اگر ہم نے احتیاط نہیں برتی - تو آئندہ بھی وہ خراب کریگی - بہت زور سے کہا گیا ہے کہ میجارٹی پائنٹ آف ویو کو ایکسیپٹ کرنا پڑیگا - میں یہ جاننا چاہتا ہوں کہ کون ہے

[شری غلام محمد بخشی]

کو ظاہر کرنے کے لئے - اپنی کینیس کو ظاہر کرنے کے لئے اسی کے متعبق قدم بھی اٹھائیں -

اب جہاں تک باقی زبانوں کا تعلق ہے سب کو برابر کا درجہ دیا جائے - چاہے اردو ہو، تمل ہو، گجراتی ہو، کشمیری ہو، یہ سب ملک کی زبانیں ہیں - ان چند الفاظ کے ساتھ - جناب - میں اس بل کی پرزور حمائیت کرتا ہوں - ]

MR. SPEAKER: The Home Minister.

**श्री राम सिंह अयरवाल** (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे भी दो मिनट का समय दीजिये ।

MR. SPEAKER: Order, order.

**श्री राम सिंह आयरवाल** : मेरी बात तो सुन लीजिये

MR. SPEAKER: Order, order. Nothing will be taken down.

**श्री राम सिंह अयरवाल** :**

MR. SPEAKER: You must sit down. Ten names are there. I have not allowed anybody.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : (उज्जैन) अध्यक्ष महोदय, हम ने संशोधन दिये हैं, इस लिये हम को समय मिलना चाहिये । आपको समय देना पड़ेगा ।

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं दूंगा ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : तो इस तरह कार्यवाही नहीं चल सकती ।

MR. SPEAKER: Will you sit down now or not? I do not want to take any action. You cannot dictate to me like this.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : आपको समय देना होगा ।

MR. SPEAKER: No, please. This cannot be be done. This cannot be tolerated. You must sit down. There is no alternative.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं भी सहन नहीं कर सकता ।

MR. SPEAKER: I know that you are a member. Others are also members, not only you.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैंने अमेण्डमेंट दी है, मुझे समय दिया जाय । आपको समय देना होगा ।

MR. SPEAKER: No please.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं तो आप से प्रार्थना कर रहा हूं . . . .

MR. SPEAKER: No. I will not change once I take a decision. Will you kindly sit down? I appeal to you. Just now they sent me a chit, and I allowed a speaker of that party. Even then, if an individual gets up like this, what am I to do? Just now, Mr. Beni Shankar Sharma spoke. I permitted him because it was just a matter of five minutes after all. I do not want this thing to happen and I do not want to name anybody. But do not take advantage of it. Please do not think that it is weakness. Any Member can be named and asked to withdraw. It is a simple matter but I do not want to do that. It is an unpleasant thing, and I am trying to avoid such unpleasantness. But if I am being threatened into submission and asked to do something, that is bad. Suppose I give you a chance because you shout, then I may have to give a chance to another who may also shout. This will lead to nowhere. Where will it lead to, I want to know. Where will it lead the House to? There are 10 names from the Congress Benches including the names of some senior Members. But I did not give them a chance. Mr. Ramamurti wrote to me. So many Members could not be given a chance. So, this sort of threatening and shouting is not proper.

**Not recorded

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, आप मेरे से नाराज क्यों हैं ? क्या आप मुझे समय नहीं देंगे ?

MR. SPEAKER : I request you to sit down.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, मैं आप के खिलाफ बाक-आउट करता हूं ।

(*Shri Hukam Chand Kachwai then left the House*)

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : Mr. Speaker, Sir, we are discussing the amendments moved in respect of the Bill. There are a large number of amendments to clause 2. Really speaking this Bill consists mainly of clause 2.

Before I go into the general discussion about the clauses, I would like to indicate that I propose to accept certain amendments which are consistent with the main purposes and the spirit of the Bill. I would like to assure the hon. Member Shri V. Krishnamoorthi who spoke last practically that this Bill is intended to, and is implementing the assurances given by the previous two Prime Ministers to this Parliament. I would request him not to think in terms of civil war or any war. (*Interruption*). Here is a challenge to all of us to constructively solve a very difficult and complex problem.

SHRI MANOHARAN (Madras North) : The Home Minister need not have any such impression. Our Chief Minister has made it very clear in his statement : there should be no agitational approach to this problem. It is a rational and democratic approach. (*Interruption*).

SHRI Y. B. CHAVAN : If I have given any misinterpretation of it, if I have given any offence to you, I am prepared to withdraw those words.

Sir, I was thinking, before I got up to speak, whether I can make a speech without using any words at all, because I know that any use of words is likely to be misinterpreted in this surcharged context. I would now merely indicate—I am not going to make any speech—that I am going to accept amendment No. 168.

AN HON. MEMBER : Please read it.

SHRI Y. B. CHAVAN : I will explain them later. I will mention first of all what are the amendments that I am accepting, and then say how they will read. I shall mention serially what are the amendments that I am accepting. I shall mention them serially first, because really speaking, they can be entertained in a different way. I shall explain that later. Now, I accept amendment No. 168. Then there are amendment Nos. 169 and 178—two identical amendments. I do not know whether 169 has been moved. If it is not moved, then I am accepting amendment No. 178.

MR. SPEAKER : Accept 178.

SHRI DEORAO PATEL (Yeotmal) : I move amendment No. 169.

MR. SPEAKER : He cannot move it now.

SHRI Y. B. CHAVAN : I am accepting 178 in that case. Then, I am accepting amendment No. 173; then, 174 and 176. In all, I am accepting amendments Nos. 168, 173, 174, 176 and 178; five amendments in all.

I will take amendments 173 and 174 first because they relate to the first proviso. The proviso now reads thus :

> "Provided that the English language shall be used for purposes of communication between the Union and a State which has not adopted Hindi as its official language and between one State and another State where either of the States concerned has not adopted Hindi as its official language."

Amendment 173 seeks to substitute this by the following :

> "Provided that the English language shall be used for purposes of communication between the Union and a State which has not adopted Hindi as its official language;

[Shri Y. B. Chavan]

Provided further that where Hindi is used for purposes of communication between one State which has adopted Hindi as its official language and another State which has not adopted Hindi as its official language, such communication in Hindi shall be accompanied by a translation of the same in the English language;"

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara): How does it materially differ from the present provision.

SHRI Y. B. CHAVAN: It does differ slightly. If it had differed very materially, I would not have accepted it. The idea of the amendment is, between a Hindi and a non-Hindi State, a Hindi State will be able to send a communication in Hindi with a translation in English. That is the major improvement. But we are not making it compulsory *vice versa*, i.e. a non-Hindi State will not be required to send a Hindi translation even if they write in English.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Balrampur): Let them write in the regional language.

SHRI Y. B. CHAVAN: That can be done by mutual agreement, as provided by the second proviso, which is not amended.

Amendment 174 is consequential, because there is another proviso which is not amended. There instead of "Provided further" we are saying "Provided also".

SHRI P. RAMAMURTI (Madurai): What is the difference?

SHRI Y. B. CHAVAN: There is some distinction. (*Interruptions*). For that matter, I will have to hold a class in English which I do not want to do.

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): May I seek a clarification at this stage? According to the amendment No. 173 which he is accepting, if a Hindi State writes to a non-Hindi State in Hindi, it shall be accompanied by an English translation. Suppose there is a dispute. For the purpose of legal interpretation, which will be taken? Will the original stand or will the translation stand? For interpretation in courts, the language used is English.

SHRI Y. B. CHAVAN: I understand his point. I would not take the place of the court here. But certainly when they are sending an English translation, you can take the English translation as an authoritative communication. There is no doubt about that. The intention of the legislature, as I am trying to express, is that it will be really left to the discretion of the receiving end to accept whatever it wants as authoritative. If they want to take the English translation as authoritative, they can do so. Our idea is not to make it difficult.

Then I go to amendment No. 176 by which it is sought to put in the words "Hindi or the English language" in place of "Hindi". As we are amending by amendment No. 168 the latter portion of it, amendment No. 176 really becomes necessary.

By amendment No. 168 we seek to amend lines 25 to 31 by putting in:

"a translation of such communication in the English language or, as the case may be, in Hindi shall also be provided till such date as the staff of the concerned Ministry, Department office or corporation or company aforesaid have acquired a working knowledge of Hindi."

This is a provision for correspondence between the different ministries, departments and different offices under the ministries and the departments concerned. The original provision was:

"a translation of the same in the English language shall also be provided along with the Hindi text thereof till such date as both the staff of the Ministry, Department, office, corporation or company aforesaid from which such communication is sent and the staff of the Ministry, Department, office, corpora-

tion or company aforesaid in which it is received, have acquired a working knowledge of Hindi."

Here the idea was that the translation will be provided along with the communication. Therefore, it was the responsibility of every despatching end to send the translation. That is being changed. Now it reads like this:

"a translation of such communition in the English language or, as the case may be, in Hindi shall also be provided till such date as the staff of the concerned Ministry, Department, office or corporation or company aforesaid have acquired a working knowledge of Hindi."

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Provided by whom?

SHRI Y. B. CHAVAN: I will explain that. If, for example, in the south there is an isolated station master, a postmaster or a teacher and if he does not know Hindi it will not be his responsibility to have a translation made but it will be the responsibility of the Government or the Administration to make arrangements to see that the receiving end, if they do not know Hindi, is provided with an English translation. For that we will have to think of providing, certainly, some new administrative machinery and for that we will have to undertake certain more expenditure. We will have to take the responsibility to see that these people who do not know English but know Hindi and those people who do not know Hindi but know English are allowed to take full part and share in the administration of the Union.

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर): आप रिसीविंग एंड पर क्यों ट्रांसलेशन नहीं कराना चाहते ?

SHRI Y. B. CHAVAN: If you merely say 'receiving end' then every end is a receiving end and a despatching end. There is no receiving end only or despatching end only.

श्री प्रकाश वीर शास्त्री (हापुड़): मेरा निवेदन इतना है कि यह जो आप कह रहे हैं इस को थोड़ा सा स्पष्ट और कर दें कि जहां से इस प्रकार का पत्र या टिप्पणी जायगी, वहां आप ने कहा कि आवश्यकता नहीं होगी उस के साथ अनुवाद भेजने की ? लेकिन जहां वह भेजेंगे या जो उसका गंतव्य स्थान होगा, वहां उस के अनुवाद की व्यवस्था की जायगी, यह आप और थोड़ा स्पष्ट कर दें।

SHRI Y. B. CHAVAN: Suppose that very man, as I said, an isolated postmaster or station master in the south does not know Hindi and you say that only the receiving end is responsible to translate, if somebody writes to him in Hindi the poor man cannot have an arrangement for translating it. So, our idea is not to create any difficulties or obstacles for only English-knowing people or only Hindi-knowing people in participating in the administration. This is a new responsibility that the government is taking. I want to make it clear that only Hindi-knowing people or only English-knowing people will have full opportunities to participate in the administration at the stage of recruitment. Naturally, they will have to learn other languages later on.

12 HRS.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): This is not clear.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): The question of sending the translation by the Centre, that is not the point. That is there in the original also. The two amendments, 176 and 168 are inter-connected and should be taken together. Then there will be no confusion. In the original it was said "where Hindi is used"; now it is "where Hindi or English is used". Therefore, as a consequential part, the translation in English or Hindi, as the case may be, will have to be despatched. So, the point is not that originally the receiver had to be responsible. He

[ Shri Indrajit Gupta ]

has nothing to do with it. In any case, the Centre has to do it.

SHRI Y. B. CHAVAN : I quite agree with you. Amendment 176 is not merely a consequential amendment. Formerly, it was mere translation of one language. Now we are making it compulsory for translation in both languages, in both Hindi and English. And we are not making it compulsory for the man who writes that language to have a translation of it. That is the only thing I am pointing out.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirapalli) : What is suggested, is it practicable? You may set up some mechanism. But the country is so vast and the communications so numerous, is it practicable?

SHRI Y. B. CHAVAN : The point is, whatever is desirable will have to be made practicable. I have no doubt about it. I know that if we go by mere practicality nothing will happen. That is the main difficulty. So, when we think it has to be done, we will have to find some new administrative methods to achieve this.

SHRI ANBAZHAGAN (Tiruchengode) : I want a clarification on this The amendment says :

> "a translation of such communication in the English language or, as the case may be, in Hindi shall also be provided till such date as the staff of the concerned Ministry, Department, office or corporation or company aforesaid have acquired a working knowledge of Hindi".

Who will decide that the staff have acquired a working knowledge of Hindi? Will it be by the head of the department, or some other official or by a committee? Whether these people know Hindi will be judged by whom?

SHRI Y. B. CHAVAN : Normally, as I see things, the head of the department will have to do it. If necessary, we will consider the difficulties involved in the matter.

The only amendment, which I have not mentioned, is amended No. 178. It seeks to substitute the word "Hindi" by "Hindi or the English language". Originally, it was 'English and Hindi'. We are changing it in the reverse order, Hindi and English, only a nominal change.

SHRI P. RAMAMURTI : In the amendment which you have made you have not made it the responsibility of either the receiving end or the despatch end to provide the translation. Am I right? I want to be clear. You say that the translation will be provided by some machinery about which the government is thinking of. Therefore, it is not the responsibility of either the sender or the receiver to provide the translation. Am I right?

SHRI Y. B. CHAVAN : No, you are not right. I know you are putting it in the rather very peculiar Ramamurti-manner. My point is, at what end this translation should be done will be gone into, will be looked into and we will consider what administrative arrangements will have to be made in every department and office, when there is no arrangement to provide some sort of translation either at the receiving end or the despatching end. My main purpose is that. We are not making it compulsory at any end at the moment. This has been kept open to see exactly the administrative conveniences in this matter and then proceed further.

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : यह जो गृह मंत्री जी ने स्पष्टीकरण दिया है उस से यह बात साफ नहीं होती कि फाइलों पर नोटिंग का क्या होगा ? क्या हिन्दी में नोट करने की छूट होगी ? अगर वह फाइल हिन्दी जानने वाले अधिकारी के पास जायेगी तो उसका अनुवाद कहां होगा, मैं समझता हूं कि यह चीज इस में आप साफ नहीं कर रहे हैं । ऐसा अधिकार आप अपने हाथ में ले रहे हैं जो बाद में प्रयोग में न आये इस की हम को आशंका है ।

**SHRI Y. B. CHAVAN:** If you start with *ashankas*, it will end in *ashanka*. I am making an appeal to start with certain faith in us, in this House and in yourself. As far as the ministries are concerned, certainly every ministry will have a translation bureau. But this really speaking deals with the inter-ministerial thing. I am not very much worried about what happens in the Secretariat because there will be provision for the translation bureau. The real difficulty comes in when the scattered offices come in. It is really speaking there that the difficulty arises. For that we have to think of more administrative arrangements.

मैं तो अध्यक्ष महोदय, यह महसूस करता हूं कि आजाद होनें के बाद से, राजस्थान बननें के बाद से अगर हमारे यहां सब से ज्यादा गड़बड़ हुई है, तो केन्द्रीय सरकार की तरफ से हुई है और इस तरह से हुई है कि हमारे राज्य में पहले हाई कोर्ट तक के फैसले हिन्दी में लिखे जाते थे। आज भी नीचे की कई अदालतों में, सेशन जज की कोर्ट में हिन्दी में लिखे जाते थे, लेकिन आपनें एक ऐसा उल्टा तरीका निकाला कि हाई कोर्ट का फैसला अंग्रेजी में लिखा जाय, तब से अंग्रेजी में लिखे जाने लगे। हमारे यहां पहले वकीलों की तरफ से भी वकालत हिन्दी में होती थी—अगर किसी को कोई रूल पेश करना हो—मान लीजिये कि अशोक सेन जी को नाइजेरिया का या फ्रांस का या अमरीका का या कैनेडा का कोई रूल पेश करना है, तो वह अंग्रेजी में पेश करें, लेकिन इस का यह मलतब नहीं है कि वहां की कार्यवाही हिन्दी में न चलनें दी जाय।

तो मैं यह कहना चाहता हूं कि एक षड़-यन्त्र था, जिसका भण्डाफोड़ हुआ। हम अभी हाल में यू० पी० में गये थे—डा० सुशीला नैयर हम को हापुड़ ले गई थीं, हमारे साथ तुलसी दास जी दासप्पा गये थे, एरिंग साहब थे, हम लोगों ने वहां पर विद्यार्थियों को एड्रेस किया। हम से पहले राज नारायण जी वहां पर बोले, उन्होंनें विद्यार्थियों को निमन्त्रण दिया कि सब चलो और पार्लियामेन्ट को घेर लो। हम लोग बाद में बोले, दासप्पा साहब भी बोले और आप यह देख लीजिये कि हापुड़ से कोई भी विद्यार्थी यहां पर नहीं आया यह बहुत बड़ा काम हुआ।

इस में कोई सन्देह नहीं कि इस आन्दोलन के जरिये एक बहुत बड़ा काम हुआ कि अंग्रेजी की जितनी नेम-प्लेटस थी, साइन बोर्ड थे, वे सब हट गये—यह बहुत खुशी की बात हुई—क्योंकि हमारे दक्षिण भारत वालों को यह बहाना था कि अगर हम हिन्दी चाहते हैं तो इस साइन बोर्ड का अंग्रेजी में क्यों इस्तेमाल करते हैं।

यहां पर कामराज जी के हारने का भी जिक्र हुआ—कामराज जी क्यों हारे? मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि कामराज जी के हारने का कारण यह था कि वहां के डी० एम० के० के विद्यार्थी गांव-गांव में गये और जाकर लोगों से कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बन गई तो तुम लोगों को रोजगार मिलनेवाला नहीं है। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि आज यह जो एक्ट बननें जा रहा है इस से हमारे दिलों को काफी तसल्ली हुई है आज हमारे विद्यार्थियों को यह सन्तोष हुआ है कि अब कोई भी हिन्दी भाषी इम्तिहान दे सकता है, वह भी आई० ए० एस० में जा सकता है और आगे बढ़ सकता है।

मैं साइन बोर्डों की बात कह रहा था—जब हम हापुड़ जाने के लिये गाजियाबाद में दाखिल हुए तो हम ने देखा कि सब साइन बोर्ड हिन्दी में बदले हूए थे—एरिंग साहब मिनिस्टर हैं, उन की गाड़ी में झण्डा लगा हुआ था, हम लोगों नें सोचा कि कहीं ऐसा न हो कि उनकी गाड़ी को भी कोई तोड़-फोड़ दे, इस लिये हम ने कागज चिपकाया और तब वहां गये और अपनी बात ईमानदारी के साथ उन विद्यार्थियों के सामने रखी, उन को समझाया जिसका बहुत अच्छा नतीजा निकला।

आज उत्तर प्रदेश, बिहार और अनेक राज्य सरकारों ने यह निश्चय कर लिया है कि हम अपने यहां हिन्दी को आफिशियल लैंग्वेज बनाये रखना चाहते हैं, फिर क्या वजह है कि आप हमारे ऊपर अंग्रेजी को लादना चाहते हैं। हम दक्षिण भारत के ऊपर हिन्दी नहीं लादना चाहते, लेकिन आप हमारे ऊपर अंग्रेजी को बनाये रखने के लिये क्यों दबाव डाल रहे हैं—इस लिये कि इस में आपका यूटिलिटि प्वाइन्ट आफ व्यू है, इस लिये कि मेनन, सदाशिवन, ऋुप, रामानी, मुखर्जी, ये सब के सब राजस्थान सरकार की सेवा में छाये रहें। इस लिये सवाल यह नहीं है कि लोगों पर हिन्दी का साम्राज्यवाद लद रहा है, बल्कि आप अपनें युटिलिटि प्वाइन्ट आफ

व्यू से लड़ रहे हैं और हम अपने यूटिलिटि प्वाइन्ट आफ व्यू से बात कर रहे हैं। हमारे विद्यार्थियों को भी आगे आने का मौका दीजिये। आपने हम पर काफी राज्य कर लिया है, बहुत बड़ा साम्राज्य आपने बनाया, आपके शंकराचार्य ने हमारी कल्चर पर अपना साम्राज्य फैलाया, आपने हमारे ऊपर यूटिलिटि के जरिये बड़ा भारी साम्राज्यवाद फैलाया—लेकिन अब मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अब हम को हमारी हिन्दी में काम करने दीजिये। आपको अंग्रेजी पसंद है तो अपने यहां अंग्रेजी चलाइये, लेकिन मेहरबानी कर के उत्तर भारत पर अंग्रेजी मत लादिये।

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : अध्यक्ष महोदय, सब से पहले मैं आज अपने दल की ओर से एक ऐसी तरमीम, एक ऐसे संशोधन को, जिसे सारा सदन मानना चाहता था और जो किसी खास कारण से हमारे गृह मंत्री जी ने स्वीकार नहीं किया वह संशोधन यह था :

"Provided that English and all the languages mentioned in the Eighth Schedule to the Constitution shall be used for the transaction of business in Parliament."

अध्यक्ष महोदय, हम यह नहीं चाहते थे कि इस लोकसभा के जो सदस्य हों जो किसी क्षेत्र से आये हों, चाहे वह उर्दू बोलना चाहें, बंगला बोलना चाहें, तामिल, तेलगु, जो भी भाषाएं शैडयूल में हैं, उन को कम से कम मौका मिलना चाहिए कि वह अपनी बात सही तरीके से यहां पर कह सकें।

अध्यक्ष महोदय, मैं आप को फिर बधाई देना चाहता हूं कि आज जिस ऊंची कुर्सी पर बैठ कर आपने अपनी भाषाओं का आदर किया है, आपने मौका दिया है यहां पर बोलने का, आप ने यह भी आश्वासन दिया कि आप कोशिश करेंगे कि कम से कम ऐसा इंतजाम हो जिसमें एक ट्रांसलेशन, तजुमे का इंतजाम हो जाय ताकि वे लोग जो आज बोलना चाहते हैं अपनी भाषा में वह बोल सकें।

अध्यक्ष महोदय, आज वह जमाना नहीं है कि लोकसभा का सदस्य कौन बने ? सौफिस्केटैड इंटैलेक्चुएल्स, जोकि पहले यहां कैम्ब्रिज और आक्सफोर्ड के पढ़े हुए आते थे, आज उन का जमाना लद चुका है आज तो यहां खेत का जागा हुआ किसान और फैक्टरीज से आया हुआ मजदूर, आज वह आयेंगे। वह जो एक अपनी भाषा में बोलना चाहते हैं मैं दुबारा कहना चाहता हूं गृह मंत्री जी को कि अब भी समय है कि आप सोचें कि आखिर एक भी संशोधन इस तरीके का मान लिया जाय तो उस से काफी फायदा होगा।

दूसरी चीज जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे दल की ओर से नेशनल कौंसिल का जो प्रस्ताव था उस में हम लोगों ने क्या कहा था :

"One State will communicate with another State in Hindi or in its own State language or English as it may choose..."

और यह प्रस्ताव आज हमारे सामने है उस के बारे में भी अमैंडमैंट हम लोगों ने दिया और कहा :

"Members of Parliament shall be free to speak in their mother-tongue and the Parliamentary Office will provide official record and simultaneous translation in all the languages so spoken."

"The Central Public Service Examinations will be held in all the languages of the Union States; each State will get its quota in the Central Services in proportion to its population."

"All the languages included in the Eighth Schedule to the Constitution shall become the media of All-India/Central Services Examinations within a year from the adoption of this resolution."

अध्यक्ष महोदय, मैं यह नहीं चाहता या मेरा दल कभी यह नहीं चाहता कि आज

[श्री स० मो० बनर्जी]

कोई एक भाषा, हिन्दी जो लोग बोलते हैं उन पर अंग्रेजी लादी जाय या हिन्दी उन के ऊपर लादी जाय जो आज अंग्रेजी बोलते हैं ; मैं दक्षिण के भाइयों को फिर यक़ीन दिलाना चाहता हूं इस का, लेकिन इस देश की भाषा क्या हो, राज भाषा क्या हो, आफिशिएल लैंग्वेज क्या हो यह हमें मानना पड़ेगा। आज जो भाई कहते हैं कि मैं खुद उर्दू पढ़ा हुआ हूं, फ़ारसी मैं ने पढ़ी है, हिन्दी, थोड़ी बहुत जानता हूं, मैं बंगाली हूं लेकिन यह मैं महसूस करता हूं कि हमारे देश की भाषा एक विदेशी भाषा नहीं हो सकती है। अध्यक्ष महोदय, आज मगरबी या वैस्टर्न सिविलीज़ेशन को अटैक करते हुए एक बहुत पुराने कवि जो बाद में शायद पाकिस्तान चले गये थे उन डा० इकबाल ने यह कहा था :

'तुम्हारी तहजीव अपने खंजर से आप ही
खुदकशी करेगी,
जो शाखे नाजुक पे आशियाना बनेगा
नापायेदार होगा।'

किस तरीके की बात उन्होंने कही थी ? आज अगर कोई नौन हिन्दी भाषी मेम्बर के साथ किसी जगह उत्तर प्रदेश का किसी भी जगह पर कोई घटना घटी हो उस के लिए मैं माफी चाहता हूं। आज मैं बधाई देना चाहता हूं मद्रास के मुख्य मंत्री अन्नादुराई साहब को कि उन्होंने एक बयान दिया है कि कोई भी एजिटेशन तामिलनाड में नहीं होना चाहिए। इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं दुबारा यह कहूंगा कि आज भाषा के आधार पर देश का बंटवारा न हो यह हम लोग चाहते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि हम लोग हिन्दुस्तानी हैं और इस हिन्दुस्तान को अगर वाकई में हमें समाजवादी दिशा में ले जाना है तो हमें एक ऐसी भाषा में काम करना है ताकि हम एक दूसरे को समझ सकें। मैं उन्हीं शायर इकबाल के शैर पर अपनी बात खत्म करूंगा :

"मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना,
हिन्दी हैं हम वतन हैं हिन्दोस्तां हमारा।"

SHRI B. SHANKARANAND (Chikodi): Sir, I was very much surprised when I listened to the speeches in this House. I have heard members from both sides speaking for and against Hindi. I should say that we should talk and act in such a way that there would be no repercussions outside which would be in any way dangerous to the unity of the country.

I come from Mysore, but in my mind I have no doubt that we should have a language of the nation in the interests of the nation and for the unity of the nation. Though my mother-tongue is not Hindi,

मैं हिन्दी अच्छे तरीके से बोल सकता हूं। लेकिन यहां पर मैं अपने हिन्दी बालों को यह अवश्य कहूंगा कि वह जो हिन्दी के बारे में इतना कह रहे हैं तो वह यह क्यों भूल जाते हैं कि आज से 17 साल पहले ही संविधान में हिन्दी को राज भाषा मान लिया गया है। हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा और आफिशयल लैंग्वेज हो चुकी है। नौन हिन्दी बालों को मैं यह कह सकता हूं कि अब हिन्दी के बारे में रोना अच्छा नहीं है। कांस्टीटुएंट असेम्बली में हिन्दी के बारे में डिसीज़न हो चुका है। हम सब ने हिन्दी को माना है तो फिर आज हिन्दी के खिलाफ बोलना अच्छी बात नहीं है। मैं यही कहना चाहता हूं कि हिन्दी वाले ऐसा मत सुनायें कि दक्षिण वाले हिन्दी के खिलाफ़ हैं और अगर दक्षिण वाले हिन्दी के खिलाफ़ हैं ऐसा कुछ आप की समझ में आया है तो वह आप के विहेवियर से हुआ है।

The Hindiwalas are speaking in such a way that they are going to impose Hindi on the other people that is not good. In their enthusiasm, they want to change overnight, is it possible? They have not given thought to the problem of knowledge in science, medicine, engineering, etc. Where have you the books on these subjects? Where have you the money to have the books translated into Hindi? Again, the qusetion of administration of law and order is the

greatest problem in this country. Our Constitution is in English. The language in the law courts is in English. There is a plethora of case-law on which all the law courts, including the Supreme Court are deciding cases on the basis of decisions they have taken earlier. Have you all those books translated in Hindi so that the Constitution and the other laws of the land can be administered in the law courts in Hindi? Can it be done overnight? You are forgetting all these things.

We are talking of the official language, link language, regional language and so on, but we are not talking of the language of the heat. (*Interruption*). What I saw yesterday was really very annoying. The students have been made instrumental tools in the hands of the politicians. It is not in the interest of the nation or in the interest of the unity of the nation. Hindi is being used as an instrument to disintegrate this country whereas Hindi is going to integrate this country.

Therefore, I appeal to the people from the south. I also come from the south. We are not opposed to Hindi. I can give an instance. The Madras Hindi Prachar Sabha has done yeoman service in the propagation of Hindi. The Hindi scholars coming from the south are far superior to scholars from the north. Please do not think that southerners are in any way inferior in the matter of competing with northerners in Hindi. Do not have that inferiority complex in your mind that we are going to be put to some disadvantages by accepting Hindi as the official language. In the interest of the nation, in the interest of the unity of the nation, at least in this factor of language, let us all be united, when there are other factors which are going to disintegrate this country. Therefore, please do not oppose this Bill.

SHRI P. RAMAMURTI (Madurai): Mr. Speaker, Sir, I am extremely unhappy over the entire debate. Passions have been roused. After all, Sir, when we fought the British, in that period we did not speak in one language, we spoke in all the languages. During the time when we were fighting the British—I remember those days in 1930 and 1932, in the jails in Tamilnad, in Madras, Vellore, Tiruchirappali, Madurai and all those places at that time you were also there and you know it—we were singing Tamil songs from Bharati, we were singing songs of Vallathol, we were singing wonderful Telugu songs — I remember it was *Ma kodira ei valla dorathanamu* — we were singing Canarese songs and we were singing the Hindi song *Sarferoshi ki tamanna ab hamare dil me hai*. Those were the days when the question of language did not divide us. On the other hand, those were the days when in spite of the fact that we were speaking and singing in different tongues, although the tongues were different the contents were the same, the contents were directed against the British imperialists.

16.23 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

Those songs seethed with the desire to fight the British. Why cannot we today adopt the same attitude when we have attained freedom? At that time, although we desired that Hindi should become the common link language in this country, we did not think that Hindi could be imposed. On the other hand, by flowering, encouraging and giving encouragement to every language, literature and poets and writers in every language we encouraged those languages. As a result of that there was a tremendous amount of unity of feeling that came from the fact that all of us were united on the one desire, namely, to fight British imperialism. We were all united on the struggle against British imperialism. Today, why should it be that 20 years after independence we should be fighting over this language issue? If that same approach had been brought to bear upon the affairs of the State, if that same approach had been

[Shri P. Ramamurti]

brought to bear upon all the problems that we were facing all these years, I say that this problem would not have arisen. I have dealt with it in my earlier speech. I am not dealing with it again. What I am pointing out is that everyone of the languages, not only in this country but everyone of the languages in the world produced by human beings is a good language and it is capable of advancement provided it is given the opportunity. We have no quarrel with any particular language. All that I want to point out here is, even today, after 20 years of freedom, these troubles have arisen. Does the government, at least today, exhibit that understanding that the languages of this country must be given equal status and equal opportunities to flourish, because on that basis alone better feelings will grow among the people so that we will not have any quarrel with regard to the language of administration? Unfortunately, I do not find that approach even today. That is my quarrel with the government. I do not want to go into the old question again, but I will take one or two questions.

This Bill is linked up with the Resolution. What does this Resolution say? For the first time, I am glad that the government is coming forward, the Central Government is now coming forward accepting its responsibility to develop not only Hindi but also the other regional languages. So far so good. I wish this is translated into action.

What is the other thing? The other thing is that the three-language formula is now brought in. I want to point out that this three language formula is going to be a fraud. That is why I say that let us not pass a resolution which is not going to be implemented. I do not think that today in Bihar, Uttar Pradesh, Bombay or other north Indian State, they are going to force the boys to study a South Indian language. Neither do I want them to learn that. I do not want to compel them to learn a language from the South. Why should they do it? If out of one's own volition one wants to learn all or many of the languages of this country, well and good; we would encourage them. But why should we compel a boy or student of the 4th, 7th or 8th class in North India to study Tamil for two years when it is not going to be of any use to them afterwards? Naturally, they will not be interested in learning that language. So, what is the fun of compelling them?

I remember that a few years back in this Parliament a number of members from the Congress Party took a solemn pledge that they would learn one South Indian language. I am sure Dr. Govind Das knows it. Some classes were conducted and, I believe, the Government of India also sanctioned some money. May I know what has happened to that? How many people learnt South Indian languages as a result of that class. Some members came and had a chit-chat for some time for a few days and, afterwards, the whole thing collapsed. This is the position. I do not blame anybody for that. Because, a person learns a language when he feels the necessity for it.

That is why I say that the three-language formula will not work in practice. Even in the South I do not think it will work. Therefore, why do you force a man in the south to learn, in addition to his mother tongue, English or Hindi? In all probability, he will have better facilities later on to go from Tamilnad to Andhra, so that learning Telugu would be to his advantage. Similarly, a man from Tamilnad may learn Malayalam because there is greater communication between those two States. Similarly, those who want to go to Bangalore or Mysore would like to learn Kanarese and *vice versa*. Therefore, to compel a person, a student who has no interest, to learn Hindi or English or any other language is not going to be of any use. It is meaningless. It is not going to work well. Also, as a sop, telling the people in the South,

the DMK, "we are compelling the students in North India to learn a South Indian language; therefore, accept the three-language formula" is not going to work. I do not want to compel anybody, because it is not going to work.

The learning of a language depends upon its utility and usefulness. People will learn a language the moment they know it is necessary or useful. There are hundreds of people from Gujarat in Madras who have learnt Tamil. Similarly, there are Marwaris all over the country, who speak fluently in Tamil, Telugu or Malayalam, depending upon the area they live. No law was required to make them learn those languages. They felt the need and, therefore, they have learnt it. Similarly, a Tamilian coming here and staying here inevitably learns Hindi after some time. A language is learnt not by reading some books but by using it. If a man comes here and stays here for six months, he will be able to learn the language far better than a person who lives in a different place for 15 years and only reads text books. The language is learnt by speaking and not by mere reading. That is the experience. Therefore, I would say that the three-language formula is an absolutely unnecessary formula. Flowing from that I want to point out that by the amendment that is sought to be proposed to the last part of the Resolution which is now going to be placed before the House after this, there is a feeling created—a Congress Member from there has already given expression to that—that you are creating two classes of citizens. As far as the non-Hindi boys are concerned, it is not enough if they learn their language. They will be compelled to learn one other language, that is, English, whereas a Hindi-speaking boy has to learn only his language and there is no necessity for him to learn an additional language; without that he can get a job.

These, after all, are psychological factors. I want you to understand the psychology of the students and of the people. Do not try to divide this country. Do not try to create divisions. I would appeal to the Home Minister and the Government even now to accept an amendment that a knowledge of English and any other languages in the Eighth Schedule will be enough for getting a job. Later on by administrative methods, if it is necessary for him to learn either English or Hindi, you can provide for it, but at this very stage do not create a division among the students. Do not say that for one set of boys one language is enough.

SOME HON. MEMBERS : Why English?

SHRI P. RAMAMURTI : For the simple reason that fortunately or unfortunately the position in this country is that as far as the Tribal people in Nagaland and other places are concerned we did not develop them and unfortunately they have learnt the English language and they use it; today they have made it their language. What am I to do?

AN HON. MEMBER : Only 1 per cent.

SHRI P. RAMAMURTI : It may be 1 per cent or 2 per cent. But the people have made it their language and I respect the people, whatever decision they have taken. I am now concerned with the people and I respect them, whatever be their decision.

That is why I say, if you accept that amendment it is well and good; if you do not accept that, for heaven's sake try to create a consensus on that Resolution. Do not try to rush with that Resolution. Take your time. Take one or two days, consult the Chief Ministers of various States, bring all the parties together and try to have some understanding. Do not rush with it and do not create a terrific problem in other parts.

Therefore my final appeal to the Government is, at least even now awaken betimes; wake up, do not try to rush things simply because you have got a majority. Majority or minority is not the problem. We are

[Shri P. Ramamurti]

dealing with the question of emotions of the people, particularly of the younger generation. Therefore, let us respect their feelings; let us give them the feeling that they are equal in this country and that every language will be respected; that if you are proficient in any Indian language that is sufficient for the purposes of the Government of India; that the Government of India holds the scales even between people speaking different languages. Let that understanding come to the Government of India at least now; if not, the consequences will be serious and for that no body except the Government will be responsible.

**श्री कमलनयन बजाज** (वर्धा) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे यह देख कर बड़ा दुख हुआ है कि इस विधेयक पर चर्चा के दौरान माननीय सदस्यों ने इतने जोश और उग्र भावना के साथ और एक दूसरे के प्रति अविश्वास और कटुता के साथ बातचीत की है। मैं मानता हूं कि देश के लिए भाषा का बड़ा महत्व है, लेकिन हम को समझना चाहिए कि भाषा का उपयोग क्यों किया जाता है, क्यों किया जाना चाहिए ? भाषा का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम एक दूसरे के बारे में जानें, विचारों का आदान-प्रदान करें और परस्पर आत्मीयता, प्रेम तथा भ्रातृभाव बढ़ायें। यदि भाषा के मसले को ले कर हम में अविश्वास, कटुता और वैमनस्यता पैदा हो, तो इस का मतलब है कि हम कहीं न कहीं बड़ी गलती कर रहे हैं। हम देश में एकता और पारस्परिक प्रेम चाहते हैं, लेकिन भाषा को ले कर देश में वैमनस्यता तथा और अविश्वास बढ़ता जा रहा है। भ्रातृत्व और कटुता दोनों साथ नहीं चल सकते हैं। आखिर भाषा साधन है, साध्य नहीं है।

मैं यह भी बताना चाहता हूं कि सरकार के जो नेता है, अर्थात् प्रधान मंत्री, वह तो समझौते के साथ, लोगों को साथ ले कर ही आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन जो देश के नेता है, जो जन-नायक हैं, उन को किसी प्रश्न पर काम्प्रोमाइस करने की जरूरत नहीं है, वह देश को सही मार्ग बता सकते हैं। इस लिए सरकार को मजबूर करने से कोई लाभ नहीं है कि चूंकि अमुक मार्ग सही है, इस लिए वह उस को अपना ले, क्योंकि सरकार वह नहीं कर सकती है, उस में उस की लाचारी है। जैसा कि मैं ने अभी कहा है, सरकार को तो आपसी समझौते से, काम्प्रोमाइस कर के, मैक्सिमम कामन फ़ैक्टर को ले कर चलना पड़ता है।

हिन्दी का प्रचार दक्षिण भारत में पिछले पचास साल से हो रहा है। उस के साथ किसी न किसी रूप में मेरा सहयोग, या कम से कम उस के बारे में जानकारी, पिछले चालीस साल से है। मैं दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा का एक ट्रस्टी भी हूं। हिन्दी का जितना प्रचार अहिन्दी प्रदेशों में उस संस्था ने किया है, किसी और ने नहीं किया है। लेकिन हिन्दी पर हमारे आग्रह के तरीके की वजह से अब वहां पर एक प्रकार का अविश्वास पैदा हो गया है, इस के लिये मुझे बड़ा दुख है।

आज से पच्चीस, तीस साल पहले की बात है, जब पिताजी जिन्दा थे, कि राजर्षि टंडन, बापूजी और पिताजी में कुछ चर्चा हुई थी। मैं वहां पर मौजूद था। मैं उस चर्चा का कुछ सारांश बताना चाहता हूं। टंडन जी का आग्रह था कि हिन्दी राष्ट्र-भाषा हो और साथ ही हिन्दी शुद्ध भी उतनी ही रहे, जितनी कि वह हिन्दी-भाषी प्रदेशों में है। उन का कहना था कि अगर बंगला और तमिल शुद्ध रह सकती हैं, तो हिन्दी भी शुद्ध क्यों न रहे। बापू जी और पिता जी का आग्रह था कि हिन्दी को हिन्दी-भाषी प्रदेशों में तो शुद्ध रखा जा सकता है, लेकिन अगर वह राष्ट्र-भाषा बनेगी, तो उस का प्रभाव प्रादेशिक भाषाओं पर पड़ेगा और प्रादेशिक भाषाओं का प्रभाव झेलने की शक्ति राष्ट्र-भाषा में होनी चाहिए, यदि यह नहीं होगा, तो वह राष्ट्र भाषा के स्थान पर सुरक्षित नहीं रह सकती है। इन दो विचारों के भेद की वजह से ही हिन्दी और हिन्दुस्तानी का नामकरण हुआ। उस की वजह से आज हिन्दुस्तानी

को जो स्थान दिया जाना चाहिए था, उस को वह स्थान हम हिन्दी वालों ने नहीं दिया। यह भी एक कारण है कि दक्षिण में गलत-फहमी पैदा हुई है।

मैं हिन्दी वालों से हाथ जोड़ कर कहना चाहता हूं कि वे इस बात का आग्रह छोड़ दें कि साउथ वाले हिन्दी पढ़ें, हिन्दी में जबाव दें, आदि। वे हमारे भाई हैं, पहले हमें उन का प्रेम, सम्पर्क, और विश्वास प्राप्त करना चाहिए। यदि वे हमारी भाषा, या राष्ट्र भाषा, नहीं सीखना चाहते हैं, तो न सीखें। हिन्दी वालों ने, हम लोगों ने, भी बातें तो बहुत की हैं, लेकिन हम ने अपने प्रदेशों में भी हिन्दी के लिए कुछ भी काम नहीं किया है। अगर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश में ही हिन्दी में काम-काज अच्छी तरह से होने लग जाये, तो उस का काफ़ी प्रभाव पड़ेगा। मैं नहीं मानता कि उस स्थिति में दूसरे प्रदेश बिना हिन्दी सीखे रह जायेंगे।

आज हिन्दी की जो ख़िलाफ़त दक्षिण में, और ख़ासकर तामिलनाड में हो रही है, उस के बारे में मैं नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि जो लोग दिन में हिन्दी की ख़िलाफ़त करते हैं, वे रात को हिन्दी सीख रहे हैं और बड़ी ख़ुशी से सीख रहे हैं। आज से दस साल बाद पता लगेगा कि दक्षिण के लोगों ने जितनी अच्छी तरह से हिन्दी सीख ली है, उतनी उत्तर के लोगों ने नहीं सीखी है, क्योंकि वे लोग जो भी भाषा सीखना चाहते हैं, वे उस को उत्तम और शास्त्रीय तरीके से सीख सकते हैं।

SHRI RAJARAM: You visit Madras only at night time, not in the morning time.

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ: During day time, you sleep or shout slogans in the streets.

SHRI RAJARAM: You are visiting Madras only at night time to exploit our place.

**श्री कमलनयन बजाज :** जहां तक हिन्दी पुस्तकों को छापने का प्रश्न है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जितनी अच्छी और सस्ती पुस्तकें मद्रास में छपती हैं, उतनी दिल्ली, इलाहाबाद, बनारस, लखनऊ आदि में नहीं छप सकती हैं। मैं चैलेंज देने के लिए तैयार हूं कि कोई छपवा कर दिखाए। मद्रास में प्रकाशित होने वाले बच्चों के मासिक "चन्दा मामा" का जितना सर्कूलेशन है, हिन्दी-भाषी प्रदेशों में प्रकाशित होने वाली किसी भी बच्चों के मासिक का उतना सर्कूलेशन नहीं है।

हमें इस सारी स्थिति को समझना चाहिए और भावनाओं और झूठी प्रतिष्ठा में नहीं जाना चाहिए। हिन्दी-भाषी क्षेत्रों में ही हिन्दी के लिए अभी बहुत ज्यादा काम करना बाकी है, हम उस काम को करें और दक्षिण के लोगों पर विश्वास करें और प्रेम सम्पादन करें। उन के विश्वास और प्रेम से हिन्दी उन के पास जायेगी, अन्यथा नहीं जा सकेगी। आज हिन्दी के सिनेमा जितने प्रचलित हैं दक्षिण में और उत्तर में उतने दूसरे सिनेमा नहीं हैं। यहां पर पीलू मोदी ने कुछ आंकड़े दिए कि अंग्रेजी सीखने वाले कितने हैं और हिन्दी पढ़ने-लिखने वाले कितने हैं? मैं कहना चाहूंगा कि लिंक लैंग्वेज के लिए पढ़ने लिखने वालों की जरूरत नहीं, खाली समझने वालों की जरूरत है और मामूली बोलने वालों की। पीलू मोदी जैसे विद्वान होने की जरूरत नहीं है और मैं पीलू मोदी से कहूंगा कि आज अंग्रेजी का सिनेमा जितने ज्यादा से ज्यादा देखने वाले हैं उन की पिछले दस सालों की संख्या देख लीजिये और किसी भी अंग्रेजी के सिनेमा को ज्यादा से ज्यादा देखने वाले कितने हैं और हिन्दी के सिनेमा को देखने वालों की संख्या देख लीजिए। उससे मालूम हो जायेगा कि हिन्दी ज्यादा अच्छी तरह चलती है या अंग्रेजी ज्यादा चल सकती है।

एक बात और कहूंगा। यह कहा जाता है कि हिन्दी भाषा उतनी रिच नहीं है, उतना बड़ा साहित्य उस में नहीं चाहे भले ही तुलसी-

**[श्री कमलनयन बजाज]**

दास और कई और बड़े-बड़े संत, कवि और महाकवि हो गए। लेकिन मैं मानने को तैयार हूं कि आज तामिल जितनी रिच है उतनी हिन्दी नहीं। मराठी, तेलुगू या बंगाली के इतना साहित्य शायद हिन्दी में न हो . . .

**एक माननीय सदस्य :** नहीं यह बात नहीं है।

**श्री कमलनयन बजाज :** खैर, मैं उस झगड़े में नहीं जाता। एक बार हम यह मानने को तैयार हैं। लेकिन फिर भी यदि वह रिच लैंग्वेज है तो विद्वानों के लिए है। रिच लैंग्वेज पेड़े और कलाकंद की तरह है। यह बीमार को, बूढ़े को और बच्चे को नहीं खिलाया जा सकता। हिन्दी अगर दूध की तरह है, उस को बूढ़े, बच्चे, बीमार सभी ले सकते हैं। यह सरल भाषा है। इसलिए इसका महत्व अलग है। हम रिच लैंग्वेज का गर्व नहीं करते हैं। उसकी सरलता का हमें ममत्व है। उस को हर एक को सिखा सकते हैं। और हम चाहते हैं कि हिन्दी को कोई भी अपनाये वह प्रेम और विश्वास के साथ अपनाये और हिन्दी वालों की इच्छा भी है कि हम प्रेम और विश्वास का वातावरण देश में पैदा करेंगे। हिन्दी रुक नहीं सकती है यह डी० एम० के० वाले भी जानते हैं और सब लोग जानते हैं। लेकिन राजनीति की वजह से अलग-अलग तरह से इस बात को देखते हैं। यह राष्ट्र का दुर्भाग्य है।

**श्री राम सेवक यादव** (बाराबंकी) : अध्यक्ष महोदय, 20 वर्ष का आजादी के बाद का जो इतिहास है और जो आज उपलब्धियां सामने रखी जा रही हैं उससे सचमुच देश को शर्म आनी चाहिए, इस सदन को भी और सबको। 20 वर्ष में हमने क्या हासिल किया कि नागा प्रदेश की सरकार की भाषा अंग्रेजी मानी गई और अब अंग्रेजी अनिश्चित काल के लिए संपर्क भाषा, राजकाज की भाषा, नौकरी की भाषा के तौर पर चलती रहे उसके लिये यह कानून बन रहा है। जब हम आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे तब अंग्रेजी और अंग्रेज दोनों से लड़ रहे थे। और आज जब हम स्वतंत्र हैं तो अंग्रेजी से अधिक चिपकते जा रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं, इस सदन को और माननीय गृह मंत्री को भी कि जब हम आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे और हम को स्वतंत्रता मिली थी तो उसका कोई कानून यहां बैठ कर के पास नहीं किया गया था। न तो इन आई० सी० एस० अधिकारियों के द्वारा न यहां बैठे हुए उस समय के मंत्री या सदस्य जो भी कहे जाते थे उन के द्वारा कोई कानून पास किया गया था। वह हासिल हुई थी लड़ कर, संघर्ष कर और मैं कहना चाहता हूं कि अब वह समय आपने इस विधेयक को प्रस्तुत कर के ला दिया है कि उसी तरह से अंग्रेजी को भी लड़ कर के भगाया जायगा। इसमें मुझे कोई शक नहीं है। आप चाहे जितनी कोशिश करो अंग्रेजी को लादने के लिए अंग्रेजी यहां चल नहीं सकती।

मैं कहना चाहूंगा यह संशोधन जो पास हुए वह सिर्फ थोड़ी सी तुष्टि दिलाने के लिए जो कांग्रेस के अन्दर असन्तोष था उस को दबाने के लिए । लेकिन वह संशोधन है क्या? किसी आदमी को फांसी दे दी जाय फांसी का मतलब है मृत्यु और मृत्यु की सजा हटा कर के आजीवन कारावास दे दिया जाय। फांसी नहीं होगी लेकिन संसार के सभी मतलबों के लिये वह मर ही जाता है। ठीक वही हालत आज हिन्दी की और जनभाषाओं की, अंग्रेजी के रहते होती है। चह्वाण साहब कितना ही कहें कि अंग्रेजी जायेगी, भारतीय भाषाएं आयेंगी, लेकिन इस तरह का कानून बना लिया जाये अंग्रेजी चालू रखने की सुविधा दे कर के और यह संशोधन का बताशा हमारे कुछ सहज बुद्धि वाले कांग्रेसियों को दे कर के उनको भले ही संतुष्ट कर लें लेकिन देश की जनता को संतोष नहीं होगा और न ही वह आप को क्षमा करेगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं सुनता रहा। इधर के भी सदस्य और कुछ उधर के भी सदस्य कहते

**[श्री राम सेवक यादव]**

रहे कि हिन्दी से द्वेष नहीं, जनभाषा से द्वेष नहीं, अंग्रेजी हम नहीं चाहते, लेकिन इस विधेयक का पास होना जरूरी है। यह मेरठ में एक कहावत चलती है, मेरठ, दिल्ली के पास है, कि पंचों की राय सिर पर लेकिन परनाला यहीं गिरेगा। हिन्दी आयेगी। हिन्दी आनी चाहिये। आ कर के रहेगी। लेकिन अंग्रेजी वाला कानून पास हो जाना चाहिए। इस तरीके के तर्क आज दिए जा रहे हैं और कहा जाता है कि दक्षिण के लोग इसके दुश्मन हैं। मैं कहना चाहता हूं कि दक्षिण से अधिक उत्तर के लोग दुश्मन हैं। उत्तर के लोग नहीं चाहते कि अंग्रेजी जाए क्योंकि जब हम दिल्ली के अन्दर दाखिल होते हैं तो क्या पाते हैं कि दिल्ली में भी अंग्रेजी चारों तरफ चल रही है। पापा, डैडी, मम्मी, और टा-टा बढ़ता जा रहा है। अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने का एक फैशन बन गया है। जब वह जन-सभाओं में भाषण करते हैं तो देसी भाषा में बोलते हैं और जब खुद प्रयोग करते हैं तो अंग्रेजी चलाते हैं। साथ ही साथ जो यह उत्तर के द्विवेदी, शुकुल और कौल हैं, जिनको आई० सी० एस०, आई० पी० एस० की बड़ी नौकरियां मिल गई हैं और उन्होंने जो एकाधिपत्य कायम कर लिया है वह भी नहीं चाहते कि अंग्रेजी हटे। क्योंकि हटने का अर्थ होगा कि सरकारी नौकरियों में उन का एकाधिपत्य खत्म होगा। तो यह कहना कि केवल दक्षिणी इलाके के लोग अंग्रेजी चाहते हैं गलत है। मैं कहता हूं कि उत्तर भारत के लोग भी अंग्रेजी चाहते हैं और उसके पीछे एक ही मंशा है कि देश की राजनीति पर, देश की अर्थ-व्यवस्था पर, देश की बड़ी-बड़ी सरकारी नौकरियों पर एकाधिपत्य दो सैंकड़ा अंग्रेजी गिटपिट करने वाले लोगों का सदैव के लिये बना रहे। यह है मंशा, यह है भावना इसके पीछे। दक्षिण की इस बात को मैं समझ सकता हूं कि वह हिन्दी नहीं चाहते। मैं भी नहीं चाहता कि हिन्दी लादी जाय। लेकिन क्या मैं विनम्र निवेदन कर सकता हूं अपने मित्र मनोहरन से, अपने मित्र नम्बियार से, अपने मित्र रंगा से और दूसरे साथियों से कि आखिर आज तक तामिलनाड में वहां की विधान सभा की कार्यवाही, वहां के कायदे कानून, विधान सभा के सरकारी कामकाज, वहां की मातृभाषा में क्यों नहीं चलाए जा रहे हैं? क्यों अंग्रेजी कायम किए हुए हैं। मैसूर में क्यों अंग्रेजी चलायी जा रही है? ····(व्यवधान)·····केरल में मुझे मालूम हुआ कि वहां असेम्बली में जो कानून पास होते हैं वह अंग्रेजी में पेश होते हैं, मलयालम में पेश नहीं होते। जब वही करना था तो क्यों देश में भाषा के आधार पर सूबों का विभाजन किया गया? क्यों केरल बना? क्यों तामिलनाड बना? क्यों बम्बई और गुजरात बने? भाषा के नाम पर जनता को उभाड़ कर तो आपने राज्यों का बटवारा किया, लेकिन उन भाषाओं का वहां कहीं दर्शन नहीं होता। अभी कल ही पंजाब और हरयाने का निर्माण हुआ। पंजाब बना पंजाबी के नाम पर और हरयाना बना हिन्दी के नाम पर। लेकिन हरयाना और पंजाब में भी हिन्दी और पंजाबी नहीं दिखाई देती। गुरमुखी पंजाब में भी नहीं दिखाई देती। अंग्रेजी का ही साम्राज्य है।

तो आज यह प्रश्न नहीं है जनभाषा और हिन्दी का। आज प्रश्न है कि अंग्रेजी रहेगी या जायगी, क्योंकि अंग्रेजी जब तक रहेगी तब तक यहां न तो जनभाषाएं चलेंगी न हिन्दी चलेगी, न उर्दू चलेगी। इसलिए सब से पहला प्रश्न है अंग्रेजी को हटाने का। आज हिन्दुस्तान के आई० सी० एस० और बड़े अफसरों पर अंग्रेज लोग बहुत प्रसन्न हो रहे हैं, चेस्टर वाउल्ज साहब भी आये हुए थे, गैलरी में खुश बैठे थे कि आज हम लोगों के बनाये हुए आई० सी० एस० अफसर बड़े सफल हो रहे हैं, हमारी कल्चर और सभ्यता को हिन्दुस्तान की पचास करोड़ जनता पर लादने के लिये प्रयत्न कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इन सब चीजों पर अच्छी तरह से ध्यान दिया जाये।

[श्री राम सेवक यादव]

कहा जाता है कि भाषा भावना से सम्बन्ध रखती है, देश की एकता से सम्बन्ध रखती है। भावना के लिये एकता मत तोड़ें, अंग्रेजी से एकता कायम होगी-सम्पर्क भाषा भी इन को चाहिये और अंग्रेजी भी चाहिये। मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की सम्पर्क भाषा कोई भी भारतीय भाषा हो सकती है, लेकिन अंग्रेजी नहीं हो सकती और अगर अंग्रेजी सम्पर्क भाषा रहेगी तो फिर अपनी कोई भी भाषा सम्पर्क भाषा नहीं बन पायेगी। इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि क्यों आखों में धूल झोंक रहे हैं। यह भावना का सवाल नहीं है, क्योंकि जिन लोगों ने भाषा पर विचार किया है, सोचा है, समझा है, उन्होंने भावना से काम नहीं लिया था, बहुत ठण्डे दिमाग से सोचा है और ऐसा जानबूझ कर किया था। क्या जनतन्त्र हम ने भावना के कारण बनाया? समाजवाद की कस्म क्या भावना के कारण ली? भाषा का निर्णय क्या भावना के कारण किया? हरगिज नहीं, जानबूझ कर निर्णय लिया था। जनतन्त्र का अर्थ है सारे देश के लोगों को राजकाज में शामिल करना और उनको सुविधायें देना—यह तभी सम्भव होगा जब भाषा अपनी होगी, अंग्रेजी के जरिये सम्भव नहीं होगा और आज जो दो-सैकड़ा लोगों का घेरा बनाया हुआ है, हर चीज में घेरा बनाया हुआ है, जो अपना अधिपत्य जमाये हुए हैं, यह तोप टूटेगी, जब अंग्रेजी यहां से जायेगी, अंग्रेजी के रहते कोई भाषा पनप नहीं सकती है। इस मर्म को अच्छी तरह से सदन के लोगों को समझ लेना चाहिये।

इस लिए, उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहूंगा कि इस अंग्रजी जैसी गुलामी को सिर पर लादने वाले विधेयक को वापस लिया जाय, इसका खात्मा किया जाय और मैं बताना चाहता हूं कि अगर दक्षिण के लोग जागेंगे तो उत्तर भारत की जनता भी जागेगी तथा मुट्ठी भर अंग्रेज परस्त लोगों को, जिस तरह से अंग्रेजों को खत्म किया था, उसी तरह से इन अंग्रेज परस्त लोगों को भी खत्म कर देगी। ये दो-सैकड़ा लोग जो तमाम जगहों पर कब्जा जमाये बैठे हैं, उन की गद्दी खिसकेगी और फिर यहां सही मानों में जनता का राज कायम होगा। अब ये आपके अंग्रेजी के कायदे कानून चलने वाले नहीं हैं। हिन्दुस्तान की जनता जाग उठी है, विद्यार्थियों को कितना ही दबाओ, कितना ही उन को सदुपदेश दो, लेकिन समय की पुकार है इन की शक्ति उनकी आत्माओं को अब दबा नहीं सकती। आज हिन्दुस्तान का नौजवान जाग उठा है, वह आगे बढ़ चुका है, वह इस कानून को बरदाश्त नहीं करेगा। यह कानून—जैसे दूसरे कानून आप के दफ्तरों में बने हुए रखे हैं, उसी तरह रखा रह जायगा और जनता इसका विरोध करेगी।

मैं एक बात और कह दूं—जब अंग्रेजी सब से पहले हटाने का निर्णय हुआ, तो उस समय इन नाम-पटों को पोतने का निर्णय हुआ—उस वक्त लोगों ने हमारा मजाक उड़ाया, हंसी उड़ाई, लेकिन एक मामले में मैं चह्वाण साहब को धन्यवाद देना चाहता हूं—इस विधेयक को लाकर आपने हमारी जनता में ऐसी गर्मी पैदा कर दी—आप चले जाइये लखनऊ, चले जाइये कानपुर, चले जाइये गोरखपुर, प्रधान मन्त्री जी के जन्म स्थान-वाले शहर इलाहाबाद में जाकर देखिये एक भी अंग्रेजी का नाम-पट्ट आपको दिखाई नहीं देगा। यह सेवा की है—इस आन्दोलन ने और एक तरह से इस काले कानून को लाकर अंग्रेजी को दफन करने का जो रास्ता दिखला दिया है उस के लिये मैं आपको धन्यवाद दूंगा। लेकिन देश की भाषा के साथ जो यह गद्दारी की जा रही है, उसके लिये जितनी भी भर्तस्ना आपकी की जा सकती है वह मैं अवश्य करूंगा और चाहूंगा कि यह काला कानून वापस हो।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Home Minister.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री: उपाध्यक्ष महोदय, हमारे जो इण्डीपेन्डेन्ट मेम्बर्ज हैं, उन की

ओर से श्री शिव कुमार जी शास्त्री को पांच मिनट अवश्य दीजिये।

MR. DEPUTY SPEAKER: I have already called the Home Minister.

SHRI Y. B. CHAVAN: I have heard with patience and interest the speeches made at the third reading stage, but I must say at the outset that I have not heard any new point being made. Naturally, the points made were important no doubt, but there was nothing new said to which I should reply taking the time of the House.

श्री मोलहू प्रसाद (बांसगांव): नाम पट्ट जो पोते गये हैं, क्या वह नई बात नहीं है।

SHRI Y. B. CHAVAN: I would, like to make only two points. One is that the amendments we have accepted have not in any way watered down, as some Members have said, the force of the Act and the spirit of the Act. The spirit of the legislation was to give assurance to the non-Hindi-States that Hindi would not be imposed on them and that there would not be any change in the policy on official language till all the non-Hindi States agreed to the proposition. This assurance was given by our two Prime Ministers, and I have the privilege of piloting a Bill which embodies that assurance.

I would make an appeal to every member here. They have every right and privilege to express their views on the problem of language here in the severest possible language. But now that this House is putting its seal on that legislation, after we leave this House, let us forget this controversy and try sincerely for the unity of the people and try and see that this unity is further strengthened by our speeches, our actions and everything that we say and do.

Ultimately, language is certainly an instrument that we are trying to evolve for the benefit or our people. Let us not make it an instrument to divide them. That is the only request and appeal I would make.

I commend the Bill, as amended, to the acceptance of the House.

**16.57 hrs.**

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed".

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: अध्यक्ष महोदय, हम इस विधेयक के खिलाफ़ हैं। हम इस मतदान में भाग नहीं लेंगे। हम नहीं देख सकते कि हमारे सामने यह बिल पास हो, हमारी पीठ पीछे आप जो चाहें करें।

श्री मधु लिमये: हम इस के खिलाफ़ वोट दे कर जा रहे हैं।

*Shri Atal Bihari Vajpayee and some other hon. Members then left the House.*

*The Lok Sabha divided:*

**AYES**

**Division No. 19]** **[17·02 hrs.**

Achal Singh, Shri
Ahirwar, Shri Nathu Ram
Aga, Shri Ahmad
Ahmed, Shri F. A.
Amersey, Shri M.
Anirudhan, Shri K.
Ankineedu, Shri
Anthony, Shri Frank
Arumugam, Shri R. S.
Awadesh Chandra Singh, Shri
Azad, Shri Bhagwat Jha
Babunath Singh, Shri
Bajaj, Shri Kamalnayan
Bajpai, Shri Shashibhushan
Bajpai, Shri Vidya Dhar
Barua, Shri Bedabrata

Barua, Shri R.
Barupal, Shri P. L.
Basu, Dr. Maitreyee
Baswant, Shri
Bhagat, Shri B. R.
Bhakt Darshan, Shri
Bhanu Prakash Singh, Shri
Bhargava, Shri B. N.
Bhattacharyya, Shri C. K.
Bhola Nath, Shri
Bohra, Shri Onkarlal
Brahm Prakash, Shri
Brahma, Shri Rupnath
Buta Singh, Shri
Chanda, Shri Anil K.
Chanda, Shrimati Jyotsna
Chandra Shekhar Singh, Shri
Chandrika Prasad, Shri
Chatterji, Shri Krishna Kumar
Chaturvedi, Shri R. L.
Chavan, Shri Y. B.
Choudhary, Shri Valmiki
Choudhury, Shri J. K.
Dalbir Singh, Shri
Damani, Shri S. R.
Das, Shri N. T.
Dasappa, Shri Tulsidas
Dass, Shri C.
Deb, Shri D. N.
Deo, Shri R. R. Singh
Deoghare, Shri N. R.
Desai, Shri Morarji
Deshmukh, Shri B. D.
Deshmukh, Shri K. G.
Dhuleshwar Meena, Shri
Dinesh Singh, Shri
Dixit, Shri G. C.
Dwivedi, Shri Nageshwar
Ering, Shri D.
Esthose, Shri P. P.
Gajraj Singh Rao, Shri
Gandhi, Shrimati Indira
Ganesh, Shri K. R.
Gautam, Shri C. D.
Gavit, Shri Tukaram
Ghosh, Shri Bimalkanti
Ghosh, Shri Parimal
Girja Kumari, Shrimati
Gupta, Shri Lakhan Lal
Hazarika, Shri J. N.
Heerji Bhai, Shri
Hem Raj, Shri
Iqbal Singh, Shri
Jadhav, Shri Tulshidas
Jadhav, Shri V. N.
Jagjiwan Ram, Shri
Janardhanan, Shri C.
Kalita, Shri Dhireswar
Kamala Kumari, Kumari
Karan Singh, Dr.
Kasture, Shri A. S.
Katham, Shri B. N.
Kavade, Shri B. R.
Kesri, Shri Sitaram
Khadilkar, Shri
Khanna, Shri P. K.
Kinder Lal, Shri
Kripalani, Shrimati Sucheta
Krishna, Shri M. R.
Kureel, Shri B. N.
Kushok Bakula, Shri
Lakshmikanthamma, Shrimati
Laskar, Shri N. R.
Laxmi Bai, Shrimati
Mahadeva Prasad, Dr.
Maharaj Singh, Shri
Mahida, Shri Narendra Singh
Malimariyappa, Shri
Mandal, Dr. P.
Mandal, Shri Yamuna Prasad
Mane, Shri Shankarrao
Manukya Bahadur, Shri
Masuriya Din, Shri
Mehta, Shri Asoka
Mehta, Shri P. M.
Melkote, Dr.
Menon, Shri Govinda
Menon, Shri Vishwanatha
Mirza, Shri Bakar Ali
Mishra, Shri Bibhuti
Misra, Shri Srinibas
Mondal, Shri J. K.
Mrityunjay Prasad, Shri
Murthy, Shri B. S.
Nahata, Shri Amrit
Naidu, Shri Chengalraya
Naik, Shri G. C.
Naik, Shri R. V.
Nambiar, Shri
Nayar, Dr. Sushila
Oraon, Shri Kartik
Pandey, Shri K. N.
Pandey, Shri Sarjoo
Pandey, Shri Vishwa Nath
Pant, Shri K. C.
Parmar, Shri D. R.
Partap Singh, Shri
Parthasarathy, Shri
Patil, Shri A. V.
Patil, Shri Deorao
Patil, Shri S. D.
Patil, Shri T. A.
Poonacha, Shri C. M.
Pramanik, Shri J. N.

Qureshi, Shri Mohd. Shaffi
Radhabai, Shrimati B.
Raghu Ramaiah, Shri
Raj Deo Singh, Shri
Rajani Gandha, Kumari
Ram, Shri T.
Ram Dhani Das, Shri
**Ram Kishan, Shri**
Ram Sewak, Shri
Ram Subhag Singh, Dr.
Ram Swarup, Shri
Ramamurti, Shri P.
Ramani, Shri K.
Ramshekhar Prasad Singh, Shri
Rana, Shri M. B.
Randhir Singh, Shri
Rane, Shri
Rao, Shri Jaganath
Rao, Shri J. Ramapathi
Rao, Shri Thirumala
Rao, Dr. V. K. R. V.
Raut, Shri Bhola
Reddi, Shri G. S.
Reddy, Shri Ganga
Reddy, Shri P. Antony
Reddy, Shri R. D.
Reddy, Shri Surendar
Rohatgi, Shrimati Sushila
Roy, Shri Bishwanath
Roy, Shrimati Uma
Sadhu Ram, Shri
Sanghi, Shri N. K.
Sankata Prasad, Dr.
Sapre, Shrimati Tara
Sen, Shri Dwaipayan
Sen, Shri P. G.
Sethi, Shri P. C.
Sethuramae, Shri N.
Shah, Shrimati Jayaben
Shah, Shri Manabendra
Shah, Shri Shantilal
Shambhu Nath, Shri
Shankaranand, Shri
Sharma, Shri D. C.
Sharma, Shri M. R.
Shastri, Shri B. N.
Shastri, Shri Ramanand
Sheo Narain, Shri
Sheth, Shri T. M.
Shinde, Shri Annasahib
Shiv Chandrika Prasad, Shri
Shukla, Shri S. N.
Shukla, Shri Vidya Charan
Siddayya, Shri
Siddeshwar Prasad, Shri
Singh, Shri D. V.
Sinha, Shri Mudrika
Sinha, Shri R. K.
Sinha, Shri Satya Narayan
Sinha, Shrimati Tarkeshwari
Sonavane, Shri
Sudarsanam, Shri M.
Supakar, Shri Sradhakar
Swaran Singh, Shri
Tarodekar, Shri V. B.
Tiwary, Shri K. N.
Tula Ram, Shri
Uikey, Shri M. G.
Venkatasubbaiah, Shri P.
Verma, Shri Balgovind
Verma, Shri Prem Chand
Virbhadra Singh, Shri
Vyas, Shri Ramesh Chandra
Yadab, Shri N. P.
Yadav, Shri Chandra Jeet

**NOES**

Anbazhagan, Shri
Anbuchezhian, Shri
Banerjee, Shri S. M.
Chittybabu, Shri C.
Deiveekan, Shri
Dhandapani, Shri
Durairasu, Shri
Fernandes, Shri George
Govind Das, Dr.
Kamalanathan, Shri
Kameshwar Singh, Shri
Khan, Shri Zulfiquar Ali
Kirutinan, Shri
Krishnamoorthi, Shri V.
Kuchelar, Shri G.
Kushwah, Shri Y. S.
Limaye, Shri Madhu
Manoharan, Shri
Maran, Shri Murasoli
Mayavan, Shri
Molahu Prasad, Shri
Nihal Singh, Shri
Patel, Shri J. H.
Patodia, Shri D. N.
Puri, Dr. Surya Prakash
Rajaram, Shri
Ramamoorthy, Shri S. P.
Ramabadran, Shri T. D.
Sambandhan, Shri S. K.
Saminathan, Shri
Sen, Shri Deven

Sequeria, Shri
Sezhiyan, Shri
Shastri, Shri Prakash Vir
Shastri, Shri Raghuvir Singh
Shastri, Shri Shiv Kumar

MR. SPEAKER: The result of the division is: Ayes: 205; Noes: 41.

*The motion was adopted.*

**श्री मधु लिमये** : अध्यक्ष महोदय, इस विधेयक को पेश करने का आज शर्मनाक काम कांग्रेस पार्टी ने किया है उस की हम आलोचना करते हैं और उन को चेतावनी देते हैं कि हिन्दुस्तान की जन भाषाओं को समाप्त करने का यह जो काम आप ने किया है उस का जवाब जनता द्वारा सरकार को मिलेगा, प्रधान मंत्री को भी मिलेगा और दूसरे मंत्रियों को मिलेगा।

(*Shri Madhu Limaye and some other members then left the House*).

**श्री शिव चरण लाल** : यह राजभाषा संशोधन विधेयक सरकार की हठधर्मी और बहुमत से किया गया है और यह लोकसभा में शासक दल द्वारा जनता की छाती पर मूंग दली गई है और उस के माथे पर कलंक का टीका है।

(*Shri Shiv Charan Lal then left the House*).

**श्री प्रकाश वीर शास्त्री** : मेरा आप से यह निवेदन है कि आज जो यह काला विधेयक पारित हुआ है यह जनतंत्र के माथे पर एक बहुत बड़ा कलंक है। इसलिए मैं भी इस सदन् का परित्याग करता हूं।

(*Shri Prakash Vir Shastri then left the House*).

**17.05 hrs.**

RESOLUTION RE: OFFICIAL LANGUAGES—*contd.*

MR. SPEAKER: We take up the Resolution now.

Shiv Charan Lal, Shri
Sivasankaran, Shri
Subravelu, Shri
Yadav, Shri Ram Sewak

SHRI D. N. PATODIA (Jalore): Regarding the resolution, firstly, the amendments to the resolution were not separately discussed. Secondly, while replying to the debate, the hon. Home Minister did not account for the amendments which were moved on the resolution.

MR. SPEAKER: The amendments are coming now.

SHRI D. N. PATODIA: They will be discussed.

MR. SPEAKER: I shall go one by one.

SHRI D. N. PATODIA: Therefore, they will be discussed and replied to

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): My submission is this. When the hon. Minister replied to the debate, he did not say anything about the resolution. We have not been able to send our amendments also. The speeches were all on the Bill, for 30 hours. Therefore, I would beg of you to give at least five minutes to each party to say something on the resolution. We have our amendments. We beg of you to allow some time to discuss them.

MR. SPEAKER: It is not a question of allowing time. I was under the impression that we were discussing both the Bill and the resolution together that was the impression that I had.

SHRI ANBAZHAGAN (Tiruchingode): I would like to point out to the hon. Speaker that according to the opinion expressed on behalf of so many Opposition parties here, we are not satisfied with the resolution and the content of it and all that. Especially for the last few days, the development is, even the Congress Members from the South are not satisfied with the resolution and the debate (*Interruption*) It may be that for the convenience of the party they may not

come out openly. I congratulate them for the sincerity of the party, but, at the same time, the opinion in this House as well as among the non-Hindi area is very strong against the resolution. Mr. Ramamurti, when he spoke here, had requested the hon. Home Minister as well as the Government, to reconsider the whole thing so as to satisfy the wishes of the non-Hindi speaking people. Therefore, I would request the hon. Minister to consider the suggestion given and give a fair resolution on Monday so that it can be discussed. (*Interruption*) It has not been given a fair consideration. If the resolution is going to be passed in this House, even the DMK cannot be a party to pass such a resolution here.

SHRI P. RAMAMURTI (Madurai) : I am sorry that the Home Minister was not present here when I made the suggestion while I was speaking on the third reading of the Bill. Unfortunately he was not present here.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : But I have heard his speech

MR. SPEAKER : Yes; I have also heard it. Of course, I was not here then.

SHRI P. RAMAMURTI : After all, we are not *ashtavadhanis*, to go outside the House and yet hear what is said here. He must be an *ashtavadhani*. Anyway. I am not going into that question. He may be a *dasavadhani*. After all, what I say is, in our anxiety, with a view to seeing that on this question emotions are not unnecessarily roused, some solution which is acceptable can be found. I appeal to them, and I would even now appeal to them not to rush it and at least give some time. Let them think over it for a few minutes and let them not take the position, "We are not prepared to do it either."

SHRI CHENGALRAYA NAIDU (Chittoor): Sir, we are not against the resolution but we must have some time to speak about the amendments proposed to the resolution. We want you to give us some time, to discuss them. The Government can take it up on Monday. It is a most important thing. It is a life and death question for our people in the South. It cannot be rushed like this.

SHRIMATI SUCHETA KRIPALANI (Gonda) : The resolution and the Bill were taken up together for discussion. Throughout the discussion, Members have been freely giving their opinion about the resolution as well as the Bill. Therefore, at this late stage, to say that the Bill should be passed but the resolution should not be passed is something which we cannot understand.

If the resolution is not taken up, many of us here have got very serious objection to that procedure.

SHRI Y. B. CHAVAN : I will certainly deal with some of the doubts raised here, within 5 or 7 minutes. Firstly, I am accepting three amendments Nos. 61, 62 and 63.

Amendment No. 61 is about what I have indicated in my first introductory speech itself. This amendment is to para 1 of the Hindi translation—

*instead of* "संघ की राजभाषा हिन्दी होगी"

*substitute* "संघ की राजभाषा हिन्दी रहेगी"।

Amendment No. 62 is that instead of an annual report, it should be an annual assessment report, so that the progress and advance in respect of Hindi can be given.

